


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 56 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 9 दिसंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर...




### वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव, कई कोच के शीशे टूटे, जांच में जुटा रेलवे प्रशासन

**बिलासपुर।** 11 दिसंबर से बिलासपुर-नागपुर के बीच शुरू होने वाले वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव की घटना सामने आई है। इसका खुलासा गुरुवार को हुआ। जब ट्रेन की धुलाई के लिए कोचिंग डिपो में पहुंची। यहां जांच की गई तो उसके दो कोच के दो खिड़कियों के शीशे टूटे मिले। चेन्नई से बिलासपुर के बीच किसी स्थान पर इस ट्रेन पर पथराव किया गया, जिसके निशान कोच में दिख रहे हैं। यह कहां पर हुआ किसी को पता नहीं।

#### कोचिंग डिपो ले जाया गया

बिलासपुर आते समय हुए पथराव से जिस कोच में के शीशे टूटे हैं, वह 11वें व 12वें नंबर का कोच है। बिलासपुर पहुंचने के बाद टूटे शीशे देखकर रेलवे अधिकारियों को सूचना दी गई। बता दें कि बुधवार की रात 12.26 बजे बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद ट्रेन के नागपुर एंड के इंजन को स्टार्ट करके रैक को रात 2 बजे कोचिंग डिपो ले जाया गया।

#### चेन्नई के इंजीनियर दे रहे ट्रेनिंग

चेन्नई की 13 सदस्यीय टीम बुधवार देर रात ट्रेन के साथ ही बिलासपुर पहुंची। गुरुवार की सुबह वे सीधे कोचिंग डिपो पहुंचे। वहां पर उन्होंने जोन के कर्मचारियों को कोच के बारे में प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया है। ये लोग 11 दिसंबर तक यहां रहेंगे। ट्रेन के साथ ही नागपुर तक जाएंगे और वहां से ट्रेन बदलकर चेन्नई चले जाएंगे।

# गुजरात चुनाव के बाद देश में और मजबूत हुई भाजपा

## देश भर में 4 हजार 33 विधायक, पहले नंबर पर भाजपा, दूसरे नंबर पर कांग्रेस

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात और हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव के रिजल्ट के बाद देश में विधायकों की संख्या के मामले में भाजपा और मजबूत हो गई है। देशभर में बीजेपी के विधायक बढ़े हैं और वह नंबर 1 पर बनी हुई है। दूसरे नंबर पर कांग्रेस पार्टी है। वहीं आम आदमी पार्टी के विधायकों की संख्या भी बढ़ गई है। भले ही कांग्रेस पार्टी दूसरे नंबर पर है लेकिन उसके विधायकों की संख्या घट गई है। इसकी वजह गुजरात में पार्टी का निराशजनक प्रदर्शन है।

गुजरात और हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद गुजरात में जहां बीजेपी फिर से सरकार बनाने में कामयाब रही है। वहीं हिमाचल में पांच साल बाद कांग्रेस फिर लौट आई है। गुजरात में आम आदमी पार्टी ने भी पांच सीटें जीत ली हैं। इसी के साथ आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल का कहना है कि उनकी पार्टी राष्ट्रीय पार्टी बन गई है। उन्होंने दावा किया कि गुजरात के लोगों ने उनकी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी बना दिया है।



### देश के 16 राज्यों में भाजपा व सहयोगियों की सरकार

देश के 11 राज्यों में अरुणाचल प्रदेश, असम, गोवा, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में बीजेपी का अपना मुख्यमंत्री है। इनके अलावा महाराष्ट्र, मेघालय, नागालैंड, सिक्किम और पुडुचेरी में बीजेपी सरकार में सहयोगी है। कुल मिलाकर 16 राज्य ऐसे हैं जहां बीजेपी और उसके सहयोगियों की सरकार है।

### लोकसभा-राज्यसभा में यह है स्थिति

विधायक ही नहीं भाजपा सांसदों के मामले में भी सबसे आगे हैं। इस समय लोकसभा में सांसदों की संख्या 542 है। इन 542 सांसदों में से 303 सांसद भाजपा के हैं। वहीं लोकसभा में कांग्रेस के पास 53 सांसद हैं। लोकसभा की एक सीट खाली है और अन्य सीटों पर क्षेत्रीय पार्टियों के विधायक हैं। इसके अलावा राज्यसभा में इस समय 239 सदस्य हैं। राज्यसभा में 6 सीटें खाली हैं। राज्यसभा में इनमें से 92 सदस्य बीजेपी के हैं और कांग्रेस के 31 सांसद हैं।

### 1370 विधायकों के साथ भाजपा नंबर -1

चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, 28 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों- दिल्ली और पुडुचेरी को मिलाकर देशभर में 4 हजार 33 विधायक हैं। इसमें 1370 विधायकों के साथ भाजपा नंबर 1 पर है। दूसरे नंबर पर कांग्रेस है जिसके पास 771 विधायक हैं। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस है जिसके विधायकों की संख्या 215 है, जबकि चौथे नंबर पर 161 विधायकों के साथ आम आदमी पार्टी है।

### भाजपा के सबसे ज्यादा 255 विधायक उत्तर प्रदेश

आंकड़ों के मुताबिक भाजपा के 1370 विधायकों में सबसे ज्यादा 255 विधायक उत्तर प्रदेश में हैं। उसके बाद 156 विधायक गुजरात में, मध्य प्रदेश में 109, महाराष्ट्र में 105 और कर्नाटक में 104 विधायक हैं। कांग्रेस की सरकार सिर्फ छत्तीसगढ़, राजस्थान और हिमाचल में है. राजस्थान में कांग्रेस के 100 विधायक हैं. मध्य प्रदेश में 96 विधायक हैं. छत्तीसगढ़ में 68 विधायक हैं. वहीं, हिमाचल में इस बार कांग्रेस ने 40 सीटें हासिल की हैं।

मौत का ऐसा 'खेल'

# शॉट मारकर रन लेने दौड़ा अनुज अचानक गिरा नीचे और थम गई सांसे



**कानपुर (एजेंसी)।** मौत कब कहां और कैसी होगी यह कोई नहीं जानता, वह अपने आगोश में जब चाहे जिसे चाहे अपनी आगोश में लेना हो तो ले ही लेता है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। कानपुर के बिल्हौर के त्रिवेणी गंज मोहल्ले में बीआईसी मैदान में बुधवार को क्रिकेट खेलते समय दसवीं कक्षा का छात्र बेहोश होकर पिच पर गिर पड़ा। परिजनों ने सीएचसी बिल्हौर में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बिना किसी बीमारी के बालक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। उधर, सीएचसी प्रभारी डॉ. दिलीप सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या छात्र की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है।

बलराम नगर त्रिवेणी गंज में पीडब्लूडी सामग्री स्थल के पास अमित पांडेय, पत्नी संगीता और दो पुत्रों अनुज व हर्षित के साथ रहते हैं। उनका बेटा अनुज (16) घर के नजदीक स्थित सूरज मुखी हाईस्कूल में दसवीं कक्षा का छात्र था। पिता अमित पांडेय ने बताया कि स्कूल की अर्द्धवार्षिक परीक्षा चल रही है। बुधवार को छुट्टी होने से सुबह कोचिंग पढ़ने के बाद अनुज घर के पास बीआईसी मैदान में दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने गया था।

बैटिंग के दौरान शॉट लगने के बाद अनुज रन ले रहा था, तभी बेहोश होकर बीच पिच पर गिर गया। चचेरे भाई अभिषेक पांडेय ने बताया कि दोस्तों ने पानी का छीटा मारकर होश में लाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद परिजनों के साथ सीएचसी ले गए, वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। अभिषेक ने बताया कि अनुज पढ़ने में बहुत होशियार था, उसे कोई बीमारी भी नहीं थी।


# एटीएम से कैश चुराने पहुंचे थे चोर रुपए नहीं निकाल पाए तो मशीन पर दिखाया गुस्सा, तोड़फोड़ कर हुए फरार

**बिलासपुर।** जिले के पचपेड़ी थाना क्षेत्र में एसबीआई बैंक के एटीएम तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। आधी रात बाद एटीएम में घुसे चोर रुपए नहीं चुरा पाए तो मशीन को तोड़कर नुकसान पहुंचाया। रात हो की बैंक के चैनल मैनेजर की सूचना पर प्रबंधक मौके पर पहुंचा और दूसरे दिन गुरुवार को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद सीसी टीवी फुटेज के आधार पर एक संदेही को हिरासत में लिया है।

पचपेड़ी पुलिस ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक शाखा पचपेडी के प्रबंधक रंजीत कुमार पासवान ने गुरुवार को शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि स्टेट बैंक परिसर में ही SBI ATM मशीन लगा हुआ है। 7 दिसंबर को बैंकिंग कार्य समाप्त होने के बाद देर शाम 7:30 बजे ताला लगाकर सभी स्टाफ अपने-अपने घर चले गये। आधी रात के बाद 1:30 से 02:00 बजे के बीच बैंक का चैनल मैनेजर तरूण चंद्रा ने मुझे फोन कर बताया की शाखा परिसर में लगे SBI ATM मशीन रूम के अंदर चोर घुसे हैं। इसके बाद शाखा प्रबंधक मौके पर पहुंचा। एटीएम रूम के अंदर प्रवेश कर देखा तो एटीएम मशीन के सामने का दरवाजा टुटा हुआ था। इसके अलावा एटीएम मशीन को तोड़फोड़ कर छतिग्रस्त कर दिया गया था।

# 8 साल की मासूम का अपहरण, मां बोली सफेद कार के पास खेल रही थी, अब दोनों है गायब

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में एक आठ साल की बच्ची के घर के सामने लापता होने से हड़कंप मच गया है। बच्ची बुधवार देर शाम घर के सामने से लापता हुई है लेकिन 48 घंटे बीतने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला है। इधर पुलिस भी अपहरण का मामला दर्ज बच्ची की खोजबीन में जुटी हुई है। बच्ची के लापता होने से गरीब मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। उन्हें डर सता रहा है कि कहीं उनकी बच्ची किसी अनहोनी की शिकार न हो जाए।

#### पुलिस कर रही तलाश

इस मामले में विधानसभा थाने की पुलिस ने किडनैपिंग का केस दर्ज किया है। गुमशुदा बच्ची की तलाश की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार बच्ची बुधवार की शाम करीब 6 बजे सड्डू के बीएसयूपी कॉलोनी से लापता हुई। यहीं इसका घर भी है। बच्ची की मां अल्पना ने बताया कि उसे शक है एक सफेद रंग की कार में आया शख्स बेटी को उठा ले गया है।

#### सफेद कार खड़ी थी बच्ची के सामने

गुमशुदा बच्ची का नाम दुर्गा यादव है। 8 साल की दुर्गा की 3 बहनें और एक छोटा भाई है। बहनों के साथ दुर्गा खेल रही थी। मां ने बताया कि उसकी बड़ी बहनें कुछ खाने के लिए घर आईं। मैंने देखा एक सफेद कार के पास बेटी खड़ी थी। मैंने उसे आवाज दी कि वो इधर आ जाए, मगर वो खेलकर आउंगी कहने लगी। कुछ देर बाद जब मेरा ध्यान गया वो कार भी गायब थी और मेरी बेटी भी।

# कॉलेज के छात्रों ने बना दिया ऐसा जूता जो स्मार्ट फोन की तरह करता है काम



**गोरखपुर (एजेंसी)।** हमारे देश में टैलेंट की कमी नहीं है। जुगाड़ से ऐसी ऐसी चीजे बनाते हैं जो काफी फायदेमंद हो जाती है। ऐसा ही एक इनोवेशन उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में हुआ है। यहां के एक कॉलेज के छात्रों ने स्मार्ट फोन की तर्ज पर स्मार्ट जूता बना दिया है। यह जूता आपात स्थिति में काफी काम आ सकता है। यह स्मार्ट जूता जीपीएस ट्रैकर, हार्टबीट सेंसर, टेंपरेचर सेंसर, जीएसएम सिम, चिप जैसे तकनीक से लैस है।

इस जूता को बनाने के पीछे बच्चों का लगातार हो रहा अपहरण एक कारण है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदा के समय भी यह जूता काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। अगर इस जूते को पहना हुआ शख्स कहीं मलबे में दब जाए तो आसानी से उसका पता लगाकर उसे बाहर निकाला जा सकता है। यदि किसी बच्चे का अपहरण हो जाए और वह बच्चा यह जूता पहना हो तो उसका लोकेशन आसानी से मिल जाएगा।

यही नहीं इस जूते की मदद से पहाड़ी और बर्फबारी वाले क्षेत्र में अगर कोई व्यक्ति तूफान में फंस जाता है तो उसे भी आसानी से ढूंढा जा सकता है। इस स्मार्ट शूज को बनाने वाले छात्रों में एक आदित्य सिंह ने बताया कि हमने इस जूते में जीपीएस ट्रैकर, हार्ट बीट सेंसर, टेंपरेचर सेंसर लगाया है ओर इसे जीएसएम मोड से कनेक्ट किया है। यदि हम इस तरह का शूज पहने हुए रहते हैं और कोई आपदा में फंसते हैं तो हमारे पैरेंट्स व पुलिस के पास नोटिफिकेशन कॉल चली जाएगी।

### विशेष सेंसर से करता है काम

जूते को लेकर छात्रों ने बताया कि इसमें ऐसा सेंसर लगाया गया है जो शरीर के भाषा को समझेगा। यानी यदि किसी आपात स्थिति में फंसते हैं तो हमें घबराहट होने लगती है। इसका असर पैरों के तलवों पर भी पड़ता है। एक तरह से तलवे ठंडे हो जाते हैं। ऐसी परिस्थिति में शूज में लगे टेंपरेचर सेंसर के माध्यम से जैसे ही टेंपरेचर सेंस करेगा जीपीएस मोड में माता-पिता को कॉल चला जाएगा। जीपीएस के माध्यम से बच्चों को ट्रैक किया जा सकता है।

# चिकनी चमेली, पव्वा चढ़ाके आई

श्रीकंचनपथ




'चिकनी चमेली, छुप कर अकेली, पव्वा चढ़ाके आई' की धुन पर दोनों हाथों से पेग चुसकती लड़कियों को देखना हो तो आपका नवधनाढ्य आधुनिक हिन्दू समाज की शादियों में स्वागत है. यहां 'लेडीज संगीत' चल रहा है. डीजे का कान-फाड़ू शोर-शराबा है. आपस में बातचीत संभव नहीं है. डांस फ्लोर पर लड़कियां थिरक रही हैं. इन लड़कियों में दुल्हन भी शामिल होती है. सालियां दूल्हे को भी घसीट लाती हैं. किसी और के साथ खुशी-खुशी नाचने का संभवत: उसका यह आखिरी मौका है. दृश्य बदलता है दुल्हन हाथों में वरमाला लिये नाचती गाती मंडप की ओर बढ़ रही है. मंडप की ओर से दूल्हा भी नाचता हुआ बांहें फैलाए दुल्हन की ओर भाग रहा है. दोनों बगलगीर होकर मंडप की ओर बढ़ते हैं. यहां एकाएक उनपर परम्परा का ब्रेक लग जाता है. यहां पंडित बैठे हैं. दुल्हन के माता-पिता पीढ़े पर बैठे पूजा कर रहे हैं. दूल्हा पहुंचता है, उसके पांव पूजे जाते हैं. वह भी बैठ जाता है. एक हाथ में माइक पकड़े पंडित जी मंत्रोच्चार कर रहे हैं. फिर दुल्हन को बुलाया जाता है और नमो-नम: के साथ संस्कार सम्पन्न हो जाते हैं. जिनके पिता नहीं हैं या अपाहिज हैं, उनके यहां कन्यादान पर भी बवाल हो जाता है. फेमिनिज्म के इस दौर में कोई दुल्हन की मर्जी के खिलाफनहीं जा सकता. वह कहती है कि उसकी छोटी बहन ही सारे संस्कार करेगी. लिहाजा पंडित को मानना ही पड़ता है. क्वांरी कन्या अपनी बड़ी बहन का कन्यादान करती है. बड़े-बूढ़े नाक-भौं सिकोड़ते हैं. कुछ मूंछ वाले पुरुषों के जबड़े चलने लगते हैं मानो वे दांत पीस रहे हों. पर भारतीय परम्परा का पालन करते हुए वे सब खामोश रहते हैं. कहीं शादी में विघ्न न पड़ जाए. दिक्कत यह नहीं है कि आप अपने जीवन की सबसे महत्वपूर्ण घटना को अपने ढंग से चाहते हैं, उसका भरपूर आनंद लेना चाहते हैं. दिक्कत यह है कि आपको मंडप, कन्यादान और सप्तपदी जैसे संस्कार भी अपनी शादी के वीडियो में चाहिए. वीडियो की खातिर ही आप अपने उन भाइयों से लिपट कर रोती हैं, उन ज्येष्ठों के पांव छूती हैं जिनसे बोलचाल तक बंद है. सभी चुप रहते हैं और नेग देकर क्रोध में भोजन का तिरस्कार कर घर लौट जाते हैं. इस घटना को देखने के बाद बरबस ही हस्तिनापुर का राजदरबार याद आ जाता है. बच्चे बैठकर जुआ खेल रहे हैं, प्रचण्ड महारथी बैठे-बैठे दांत पीस रहे हैं. शांति बनाए रखने के लिए सब चुप हैं. इसे संस्कार नहीं नपुंसकता कहते हैं. यह वही नपुंसकता है जिसने द्रौपदी का चीरहरण होते देखा. यह वही नपुंसकता है जिसने अर्जुन को कुरुक्षेत्र के मैदान में धनुष उठाने से रोका. इसी नपुंसकता का अंत करने भगवान श्रीकृष्ण को गीता का उपदेश देना पड़ा. हिन्दुत्व को खतरा किसी और धर्म से नहीं, बल्कि खुद अपनी संस्कारहीनता से है. दरअसल, अपनी संतान को अंग्रेजी सिखाकर लाटसाहब बनाने की होड़ में हम उन्हें संस्कारों को समझाना भूल गए.



## संपादकीय

### जीत-हार के मायने

गुजरात में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत आश्चर्य में नहीं डालती, बल्कि बहुत साफढंग से बताती है कि लंबे समय से सत्ता में रहने के बावजूद उसे कैसे बचाया जा सकता है। दूसरी ओर, हिमाचल प्रदेश का कांग्रेस की झोली में आना उसके लिए किसी राजनीतिक संजीवनी से कम नहीं है। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए गुजरात एक तरह से केंद्रीय सत्ता का मूलाधार है। अगर 27 साल सत्ता में रहने के बाद यह राज्य भाजपा की झोली से निकल जाता, तो पार्टी और उसके नेतृत्व के लिए समस्या पैदा हो जाती। गुजरात के सियासी महत्व को भाजपा नेतृत्व ने गंभीरता से लिया और दो वर्ष से भाजपा को हार से बचाने के लिए तमाम अध्ययन-उपक्रम-विचार आजमाए जा रहे थे। अब चुनावी कुशलता और सक्रियता का नतीजा सामने है। गुजरात में मिली ऐतिहासिक जीत अब राजनीति के व्यावहारिक विद्यार्थियों के लिए अध्ययन का विषय है। एंटी-इनकंबेंसी से निपटना, अनेक कट्टर विरोधियों को भी साथ मिला लेना, नए नेताओं और प्रत्याशियों पर भरोसा करना रंग लाया है। गुजरात की जीत के लिए प्रधानमंत्री की छवि और अमित शाह के चुनाव प्रबंधन को पूरा श्रेय देना चाहिए। गुजरात में पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को तगड़ी चुनौती देने वाली कांग्रेस इस बार अगर 20 से भी कम सीटों पर सिमट गई है, तो यह पार्टी के लिए गहरे मंथन का समय है, लेकिन फिलहाल कांग्रेस हिमाचल प्रदेश में बड़ी जीत पर ज्यादा प्रसन्न होगी और उसे होना भी चाहिए। भाजपा की झोली से एक राज्य गया है और कांग्रेस की झोली में एक राज्य बढ़ा है। अब कांग्रेस के पास राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश में अकेले दम पर सरकार हो जाएगी, इससे कांग्रेस का मनोबल निश्चित ही बढ़ेगा। वैसे कांग्रेस को अब ज्यादा चिंता इस बात की करनी चाहिए कि उसके वोटों में कोई भी पार्टी सेंध न लगा पाए। सोचना चाहिए, कैसे गुजरात में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के वोट कब्जाए हैं, जबकि ऐसा ही हिमाचल प्रदेश में नहीं हो पाया। कांग्रेस विगत वर्षों में अपने वोटों की ज्यादा चिंता करती नहीं दिख रही है, जबकि राजनीति में पूछ-परख उसकी ही होती है, जिसके पक्ष में ज्यादा वोट होते हैं। धीरे-धीरे वोट गंवाते जाने के अपने बड़े खतरे हैं। बहरहाल, कांग्रेस अभी यह नहीं कह सकती कि भारत जोड़ो यात्रा का असर दिखने लगा है। भारत जोड़ो यात्रा का असर भले लोगों के दिलों पर हो रहा है, क्या वोटों पर भी होगा? सबसे पुरानी पार्टी के रणनीतिकारों को इस पर गौर करना चाहिए। भाजपा अगर गुजरात के साथ-साथ हिमाचल और दिल्ली नगर निगम चुनाव भी जीत लेती, तो बाकी पार्टियों के लिए बहुत निराशा की बात होती, लेकिन अभी हरेक पार्टी के लिए संभावनाओं के द्वार खुले हैं। हर दल के सामने सवाल भी मुंह बाए खड़े हैं। गुजरात में भाजपा सरकार का पूरा चेहरा बदलकर चुनाव जीती है, लेकिन क्या केंद्रीय स्तर व अन्य राज्यों में भी यह फॉर्मूला मुमकिन होगा? कांग्रेस को नया अध्यक्ष मिल गया है, क्या इससे आगे की राह आसान हो गई है? क्या आम आदमी पार्टी के पास दिल्ली के विकास का बखान और मुफ्त योजनाओं के अलावा कुछ खास है? कुल मिलाकर, एक राज्य का फॉर्मूला दूसरे में भी काम करेगा, इसकी गारंटी नहीं है। पार्टियों की बड़ी सफलता इसमें है कि वे किए गए वादों को पूरा करें। चुनावी जीत के जश्न के बीच यह भी सोच लेना चाहिए कि क्या कोई ऐसी पार्टी है, जो यह दावा कर सके कि उसने अपने तमाम वादे पूरे कर लिए हैं?

> “ कांग्रेस विगत वर्षों में अपने वोटों की ज्यादा चिंता करती नहीं दिख रही है, जबकि राजनीति में पूछ-परख उसकी ही होती है, जिसके पक्ष में ज्यादा वोट होते हैं। धीरे-धीरे वोट गंवाते जाने के अपने बड़े खतरे हैं। बहरहाल, कांग्रेस अभी यह नहीं कह सकती कि भारत जोड़ो यात्रा का असर दिखने लगा है।

### कर्नाटक, महाराष्ट्र के विवाद में फंसी भाजपा

भारतीय जनता पार्टी कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच चल रहे सीमा विवाद में फंस गई है। कर्नाटक में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। मई में वहां मतदान है और उससे पहले सीमा विवाद शुरू हो गया है। इस वजह से भाजपा खुल कर स्टैंड नहीं ले पा रही है। भाजपा के साथ साथ शिव सेना का एकनाथ शिंदे गुट भी फंस गया है। शिंदे भाजपा की मदद से मुख्यमंत्री बने हैं इस वजह से वे कर्नाटक या वहां की सरकार को निशाना नहीं बना सकते हैं। पिछले दिनों कर्नाटक के मराठी बहुल इलाके में एक कार्यक्रम होना था, जिसमें महाराष्ट्र के दो बड़े मंत्रियों को शामिल होना था लेकिन कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने महाराष्ट्र सरकार को मना किया वह मंत्रियों को नहीं जाने दे तो दोनों मंत्री उस कार्यक्रम में नहीं गए।

इस बात का महाराष्ट्र में बड़ा विवाद बना है। शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने दोनों मंत्रियों पर निशाना साधते हुए पूरी सरकार को कायर बताया और कहा कि वे महाराष्ट्र के गौरव से समझौता कर रहे हैं। कर्नाटक में महाराष्ट्र नंबर वाली गाड़ियों पर हमले हुए तो पुणे में उद्धव ठाकरे के शिव सैनिकों ने कर्नाटक नंबर की गाड़ियों को रोक कर उन पर जय महाराष्ट्र लिख दिया। कर्नाटक में भाजपा की सरकार होने और छह महीने में होने वाले चुनाव को देखते हुए भाजपा और एकनाथ शिंदे की पार्टी कुछ नहीं कर पा रही है। वे चुपचाप बैठे हैं और इसका फायदा उद्धव ठाकरे और शरद पवार की पार्टी उठा रही है। सीमा का यह विवाद महाराष्ट्र में भाजपा को नुकसान पहुंचा सकता है।

### भारत में नए अमीर और उनकी दौलत

डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट के बावजूद इस साल शीर्ष-100 भारतीय अमीरों की कुल संपत्ति में 25 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। उनकी संपत्ति बढ़कर 800 अरब डॉलर पहुंच गई है। वहीं, देश के शीर्ष 10 अमीरों की दौलत 385.2 अरब डॉलर है। फोर्बस इण्डिया की ओर से 2022 के लिए जारी 100 अमीर भारतीयों की सूची के मुताबिक, इस साल डॉलर के मुकाबले रुपया 10 फीसदी से ज्यादा कमजोर हुआ है। इसके बावजूद इनकी संपत्ति में बढ़ोतरी हुई है। शीर्ष-100 अमीरों की संपत्ति में देश के सबसे अमीर कारोबारी गौतम अदाणी और सूची में दूसरे स्थान पर काबिज मुकेश अंबानी की हिस्सेदारी करीब 30 फीसदी है। शापूर मिस्त्री: 14.2 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ सूची में 13वें स्थान पर हैं। शापूरजी पलोनजी समूह की जिम्मेदारी अब इनके हाथ में हैं। रेखा झुनझुनवालाछ: 5.9 अरब डॉलर की संपत्ति। सूची में 30वें स्थान पर। पति राकेश झुनझुनवाला की मौत के बाद सूची में जगह मिली है। फाल्गुनी नायर: निवेश बैंकर की नौकरी छोड़ नायका की शुरुआत की। 4.08 अरब डॉलर संपत्ति। सूची में 44वें स्थान पर। रवि मोदी मान्यवर ब्रांड वाली वेदांत फैशंस की शुरुआत की। 3.75 अरब डॉलर के साथ सूची में 50वें स्थान पर।

नेहल वकील: 5.2 अरब डॉलर के साथ 36वें स्थान पर । भाई अभय और अमर वकील की मौत के बाद एशियन पेंट्स की बागडोर इनके हाथ में। सत्यनारायन नुवल- सोलर इण्डस्ट्रीज इंडिया के मालिक 3 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ सूची में 72वें स्थान पर हैं। पहले एक्सप्लोसिव बेचते थे। निर्मल भिंडा ऑटो पार्ट्स बनाने वाली यूएनओ मिंडा के सीएमडी हैं। 2.6 अरब डॉलर संपत्ति के साथ 78वें स्थान पर हैं।

रफीक मलिक: मल्टी-ब्रांड फुटवियर कंपनी मेट्रो ब्रांड्स के मालिक। 2.22 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 89वें स्थान पर हैं। वेणु श्रीनिवासन: टीवीएस मोटर कंपनी के चेयरमैन एवं एमडी। 2 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ सूची में 98वें स्थान पर हैं।

> “ कहीं भाजपा जीती, कहीं कांग्रेस, तो कहीं आप, मतलब आज के मतदाता किसी भी पार्टी के दबाव में नहीं हैं। ये नतीजे देश में सियासत की नई राह की ओर इशारा कर रहे हैं।

# ताकि कोई पार्टी मुगालता न पाले

विजय त्रिवेदी, वरिष्ठ पत्रकार



दो दिन में आए तीन महत्वपूर्ण चुनावों के नतीजे और चुनावों में अलग-अलग पार्टी की जीत का संदेश समझने की जरूरत है। गुजरात में भाजपा की महाजीत, दिल्ली में नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी की जीत, हिमाचल में कांग्रेस की जीत से इतना तो तय है कि लोकतंत्र मजबूत हो रहा है। मतदाताओं ने तीनों जगह अलग-अलग मुद्दों पर अलग-अलग पैमानों पर अपनी पसंद की पार्टी का चयन किया है। यह लोकतंत्र की मजबूती की मिसाल है, और लोकतंत्र की खूबसूरती भी। चुनावों व उप-चुनावों के नतीजे देखें, तो आज का मतदाता किसी भी पार्टी के दबाव में नहीं है। भले ही सियासी दल आरोप लगाएं, लेकिन नतीजे मतदाताओं की समझदारी और देश की सियासत की नई राह की ओर इशारा कर रहे हैं।

तमाम आलोचनाओं के बावजूद गुजरात चुनावों ने साबित किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भी राज्य में सबसे लोकप्रिय और बड़े नेता हैं, जो 27 साल की एंटी-इनकंबेंसी पर भारी पड़ते हैं। गुजरात में यह सबसे बड़ी चुनावी जीत है, कभी माधो सिंह सोलंकी के समय कांग्रेस को 149 सीटें हासिल हुई थीं। हालांकि, सोलंकी को मिले मत प्रतिशत का रिकॉर्ड भाजपा नहीं तोड़ पाई है। सोलंकी के समय कांग्रेस को 55.3 प्रतिशत वोट मिले थे, पर इस बार भाजपा को करीब 53 प्रतिशत वोट मिले हैं। भाजपा के गठन के समय 1980 में गुजरात में पार्टी को सिर्फ नौ सीटें मिली थीं और 42 वर्ष में वह 150 के पार पहुंच गई।

गुजरात में भाजपा ने सितंबर 2021 में ही चुनावी तैयारियां शुरू कर दी थीं, जब पार्टी हाईकमान ने तब के मुख्यमंत्री विजय रूपानी समेत पूरे मंत्रिमंडल को बदल दिया था। पार्टी नेताओं को तत्कालीन सरकार के खिलाफ नाराजगी समझ में आ गई थी। जिन लोगों ने उस वक्त पहली बार विधायक बने भूपेंद्र पटेल को मुख्यमंत्री बनाने पर पार्टी आलाकमान की आलोचना की होगी, वे अब उस फैसले का मतलब समझ गए होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भले ही चुनावी नारे के तौर पर अपनी सभाओं में इस बात का जिक्र किया हो कि भूपेंद्र भाई अब नरेंद्र भाई का रिकॉर्ड तोड़ेंगे, लेकिन यह चुनावी बात सच साबित हो गई है। मगर इस बात का मतलब यह नहीं निकाला जाना चाहिए कि यह उनके कामकाज पर मोहर है। यह जीत भाजपा के नजरिये सिर्फ नरेंद्र मोदी के चेहरे की जीत है। गुजरात में सरकार के खिलाफ नाराजगी जरूर थी और इसीलिए पार्टी ने सरकार के काम के बजाय प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ा। प्रधानमंत्री मोदी ने 31 रैली और तीन बड़े रोड शो के साथ 135 विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रचार किया था, जबकि गृह मंत्री अमित शाह ने 23 रैलियां कर 108 सीटों पर प्रचार किया था। तमाम बड़े नेताओं के अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी पूरी तरह से सक्रिय था। संघ की सक्रियता का एक उदाहरण प्रधानमंत्री के गृह नगर बडनगर क्षेत्र की सीट उंझा है, जहां पिछली बार कांग्रेस जीत गई थी। इस बार यहां संघ प्रमुख के विश्वस्त किरिट पटेल को पार्टी ने टिकट दिया था। इसी तरह, अमित शाह के क्षेत्र में भी पिछली बार कांग्रेस जीत गई थी, लेकिन इस बार सीट भाजपा की झोली में लौट आई है।

इससे उलट कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व वहां से पूरी तरह नदारद था। कांग्रेस के स्थानीय नेताओं और उम्मीदवारों ने यह चुनाव लड़ा और आखिरी वक्त तक यह नहीं समझ पाए कि पिछली बार दमदार चुनौती देने के बावजूद कांग्रेस नेतृत्व ने इस बार गुजरात को क्यों बेसहारा छोड़ दिया? वैसे कांग्रेस की इस हार में आम आदमी पार्टी के योगदान को भी नहीं नकारा जा सकता। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार सक्रिय रहे और पार्टी को भले ही ज्यादा सीटें नहीं मिली हों, लेकिन उन्होंने करीब 13 प्रतिशत वोट हासिल कर लिए हैं। यदि पिछली बार के कांग्रेस के 40 प्रतिशत मतों को देखा जाए, तो इस बार पार्टी को 27 प्रतिशत मत मिले हैं। मोटे तौर पर कांग्रेस के वोटों का एक बड़ा हिस्सा आम आदमी पार्टी ने हासिल कर लिया है।

हिन्दुस्तान के इतिहास को देखें, तो किसी पार्टी को किसी राज्य में इतने मौके मिलना बहुत खास है। वामपंथी पार्टियां बंगाल में लगातार 34 साल सरकार चला चुकी हैं, इस रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए भाजपा को अगला चुनाव भी जीतना पड़ेगा। कांग्रेस के लिए राहत की खबर सिर्फ हिमाचल प्रदेश ने दी है। जहां उसकी सरकार की वापसी हो रही है। यहां कांग्रेस ने अच्छे से चुनाव लड़ा, लेकिन उसकी जीत का एक बड़ा कारण हिमाचल में भाजपा की अंतर्कलह भी है। कुल 68 में से 21 सीटों पर बागी उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे, सरकार के खिलाफ नाराजगी पहले से ही थी और मुख्यमंत्री को पार्टी नेताओं का साथ नहीं मिल रहा था। गुजरात की बड़ी जीत के आगे भाजपा हिमाचल की हार को भले ही छिपाने की कोशिश करे, लेकिन पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा के गृह राज्य और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का इलाका होने के बावजूद ये नतीजे उसे सालते रहेंगे और चिंतन के लिए मजबूर भी करेंगे। इन चुनावी नतीजों में एक बेहतर बात यह रही है कि किसी पार्टी को ईवीएम को निशाना बनाने का मौका नहीं मिला है। हर पार्टी को अपने अंदर झांकने की चुनौती भी मिली है। भाजपा एमसीडी में 15 साल बाद हारी है, गुजरात में कांग्रेस का सफाया हो गया है और हिमाचल में भाजपा अपनी सत्ता बचा नहीं पाई है। आप की गुजरात में चुनावी हार के बावजूद राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलने तक पहुंचना एक बड़ी उपलब्धि हो सकती है, लेकिन उसका पहले हिमाचल, फिर गुजरात और फिर दिल्ली को अपनी प्राथमिकता बताना मतदाताओं में कहीं न कहीं अविश्वास पैदा करता है। आप को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलने के बाद उसे राष्ट्रीय पार्टियों की राजनीतिक शैली को भी अपनाना पड़ेगा।

लोकतंत्र की ताकत किसी भी राज्य में किसी भी पार्टी के हारने या जीतने से खत्म नहीं होती है। राजनीतिक दलों के लिए ये नतीजे खतरे की घंटी भी हैं और इस बात की चुनौती भी देते हैं कि मतदाताओं को हल्के में नहीं लेना चाहिए, न अपनी जागीर समझना चाहिए। याद रखिए, जनता ने राजा बनाया है और 'किंग मेकर' हमेशा राजा से बड़ा होता है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# कम उम्र में ही आखिर क्यों जवाब देने लगा दिल

अभिलाषा द्विवेदी



कानपुर में एक लड़के की क्रिकेट में रन लेते हुए अचानक गिरकर मौत हो गई, यह कोई अकेला मामला नहीं है। अचानक आए हृदयाघात, यानी हार्टअटैक से मौत वाले कई वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया में साझा हो रहे हैं। कभी जिम में, कभी डांस करते, क्रिकेट खेलते, बस चलाते, वरमाला पहनाते, माथा टेकते, तो कभी राह चलते हार्टअटैक आने से कई लोगों, विशेषकर नौजवानों की जान जा चुकी है। प्रतिष्ठित नेचर पत्रिका में छपा शोध-अध्ययन बताता है कि कोरोना महामारी के साथ ही यंग-स्ट्रोक (18 से 65 साल के व्यक्ति में आने वाला हार्टअटैक) के मामलों में वृद्धि आई है। न्यूयॉर्क के वेल कॉर्नेल मेडिसन की रिपोर्ट कहती है कि कोरोना के बाद खून में थक्का बनने के कारण हार्टअटैक की आशंका बढ़ी है। फिलहाल इसके तीन कारको की पहचान हुई है, जो खून में बनने वाले थक्के से जुड़े हुए हैं। ऐसे मामले फरवरी, 2021 से ज्यादा देखे जा रहे हैं। उपचार-विधि 'थ्रोम्बोलाइटिक थेरेपी' की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन इससे लोग अब भी अनभिज्ञ हैं।

जर्नल ऑफ न्यूरोइन्वेशनल सर्जरी, अमेरिकी हार्ट एसोसिएशन न्यूज द्वारा प्रकाशित विभिन्न मेडिकल शोध-पत्रों का निष्कर्ष बताता है कि प्रीवस्कुलर रिस्क (खून का संचार ठीक से न होने) के कारकों और कोविड-19 से लड़ने वाले प्रतिरक्षा तंत्र के बीच जब क्रिया होती है, तो शरीर जबर्दस्त प्रतिक्रिया करता है। नतीजतन, खून में ऑक्सीजन-प्रवाह की गड़बड़ी से रक्त-थक्का बनने लगता है। तो क्या, कोविड-रोधी टीकाकरण भी इसकी वजह है? दरअसल, टीकाकरण में वायरस को ही अधमरा करके शरीर में डाला जाता है, ताकि शरीर को नगण्य क्षति पहुंचे और प्रतिरक्षा तंत्र वायरस को पहचानकर उससे बचने का उपाय तलाश ले। हृदयाघात के कितने मामले टीकाकरण से जुड़े हैं, इसका ठोस अध्ययन नहीं हुआ है, लेकिन टीका लेने के बाद रक्त-धमनियों के बंद होने से जुड़े इस्केमिक स्ट्रोक और रक्तस्राव से जुड़े हेमरैजिक स्ट्रोक के मामले पूरी दुनिया में बढ़े हैं।

इसके साथ-साथ सेरेब्रल वेनस साइनस थ्रॉम्बोसिस के मामले भी खूब सामने आए हैं। इसमें मस्तिष्क की शिराओं में रक्त का थक्का बन जाता है, जो रक्त को मस्तिष्क से बाहर आने से रोक देता है। इस कारण बनने वाले दबाव से मस्तिष्क की रक्त कोशिकाएं टूट जाती हैं और रक्तस्राव शुरू हो जाता है। अभी तक कोरोना संक्रमण या टीकाकरण के चार से 42 दिनों के भीतर ही ऐसे हृदयाघात का खतरा अधिक माना जाता था, लेकिन मौसम बदलने के बाद फिर से ऐसे मामलों में तेजी आई है, जो हमारी चिंता बढ़ा रही है।

आंकड़े बताते हैं कि यंग स्ट्रोक का खतरा 0.5 प्रतिशत, यानी 200 में से सिर्फ एक व्यक्ति को है। चूंकि कोरोना वायरस ने अप्रत्याशित रूप से विश्व की बहुत बड़ी आबादी को प्रभावित किया है, इसलिए 0.5 प्रतिशत की संख्या भी एक बड़ा आंकड़ा है। इनमें बड़ी संख्या उन नौजवानों की हो सकती है, जिनमें पहले से ही हृदयाघात के कारक मौजूद हैं। मसलन, वे उच्च रक्तचाप, मधुमेह या दिल संबंधी रोगों से पीड़ित हैं या जमकर नशा अथवा धूम्रपान करते हैं। हालांकि, एक तथ्य यह भी है कि कोरोना वायरस संक्रमण के लक्षण अब सामान्य फ्लू की तरह देखे जा रहे हैं, जिस कारण कोरोना जांच की आवश्यकता नहीं समझी जा रही। लिहाजा, मुमकिन है कि उन लोगों को हृदयाघात हो रहा होगा, जो कोरोना संक्रमित तो होंगे, पर उनमें लक्षण जाहिर नहीं हुए होंगे।

क्या समय रहते ऐसे मामलों को पहचाना जा सकता है? निस्संदेह, यह मुमकिन है, लेकिन पहले हमें अपने शरीर को समझना होगा। गंभीर हार्टअटैक आने से पहले कई लोगों में सिरदर्द, झनझनाहट या सुन्नता जैसे लक्षण दिखे हैं। ऐसे 43 फीसदी रोगियों को गंभीर हृदयाघात आने से एक सप्ताह पहले मिनी-स्ट्रोक, यानी हृदयाघात के कमजोर लक्षण अनुभव हुए हैं। इन लक्षणों में प्रमुख हैं- भयानक सिरदर्द, अचानक दृष्टि परिवर्तन, पेट में तेज दर्द, मतली और उल्टी, पीठ दर्द, पैरों में दर्द या सूजन, सांस लेने में कठिनाई, त्वचा से स्वत खून बहना आदि। अगर ऐसे कोई लक्षण दिख रहे हों, तो बिना देर किए डॉक्टर की मदद लेनी चाहिए।

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

# फिलवक्त महंगाई नियंत्रण पर नजर

सतीश सिंह

मंहगाई को नियंत्रित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक को रेपो दर में बार-बार इजाफा करना पड़ रहा है, क्योंकि इसमें बढ़ोतरी से ऋण दर में इजाफा होता है, लेकिन महंगाई में कमी आने की संभावना बढ़ जाती है।

रेपो दर में वृद्धि से बैंक महंगी दर पर कर्ज देते हैं, जिससे लोगों के पास पैसों की कमी हो जाती है। कम आय और उत्पादों की ज्यादा कीमत होने से मांग में कमी आती है, और जब किसी उत्पाद की मांग में कमी आती है, तो उसकी कीमत में भी कमी आ जाती है। सात दिसम्बर की मौद्रिक समीक्षा में रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 0.35 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जिससे रेपो दर 5.90 से बढ़कर 6.25 प्रतिशत हो गई।

वैसे, खुदरा महंगाई अभी भी रिजर्व बैंक द्वारा तय महंगाई दर की ऊपरी सीमा 6.00 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। रिजर्व बैंक का मानना है कि वित्त वर्ष 2023 में खुदरा महंगाई 6.7 प्रतिशत रह सकती है। केंद्रीय बैंक इसे 4 प्रतिशत के स्तर पर लाना चाहता है, लेकिन वित्त वर्ष 2024 में भी महंगाई दर के 5.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। मौजूदा परिदृश्य में लगता है कि महंगाई लंबे समय तक परेशान करने वाली है। महंगाई के उच्च स्तर पर रहने के बावजूद ऋ्रण दर में उल्लेखनीय तेजी आने की वजह से अर्थव्यवस्था थोड़ी बेहतर स्थिति में है अन्यथा जीडीपी वृद्धि की रफ्तार और भी कम होती। केंद्रीय बैंक के अनुसार 18 नवम्बर, 2022 तक बैंकों द्वारा दिया जाने वाला ऋण 17.2 प्रतिशत बढ़कर 129.48 लाख करोड़ रु पये हो गया जबकि 4 नवम्बर को ऋण वृद्धि दर 17 प्रतिशत थी। कर्ज की मांग में तब तेजी आ रही है, जब ऋण दर ज्यादा है, अगर यह सस्ती होती तो भारत में जीडीपी की रफ्तार और भी तेज होती। उधारी में उठाव और रेपो दर में वृद्धि की वजह से बैंकों को जमा बढ़ाने पर जोर देना पड़ रहा है। विगत 12 महीनों में 12 सरकारी बैंकों में से महज 4 बैंकों ने जमा में दो अंकों की वृद्धि दर्ज की जबकि एक को छोड़कर अन्य बैंकों की उधारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र की उधारी में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि जमा में 8 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई। सेंट्रल बैंक की ऋण वृद्धि दर 12 प्रतिशत है, लेकिन जमा वृद्धि दर महज 2 प्रतिशत। निजी बैंकों में भी ऐसे ही हालात हैं। सभी सूचीबद्ध निजी बैंकों में से केवल दो बैंकों ने ऋण के मुकाबले जमा में अधिक वृद्धि दर्ज की। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में जमा वृद्धि दर 37 प्रतिशत रही जबकि ऋण वृद्धि दर 32 प्रतिशत। यस बैंक की जमा वृद्धि दर 13 प्रतिशत रही जबकि ऋण वृद्धि दर 11 प्रतिशत।

18 नवम्बर, 2022 को बैंकों के जमा में वृद्धि पिछले साल की समान अवधि में 9.6 प्रतिशत बढ़कर 172.95 लाख करोड़ रुपये हो गई जो 4 नवम्बर के 8.2 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में थोडा ज्यादा है। बैंक बॉन्ड के जरिए भी पूंजी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक ने हाल में 10 वर्षीय इंफ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड के पहले निर्गम के जरिए 10,000 करोड़ जुटाए हैं।

मुद्रास्फीति की वजह से लोगों की खरीदने की क्षमता घट जाती है। भारत समेत अनेक देशों के लोगों की क्रय शक्ति कम हो गई है। ऐसे में लोगों की कमाई कम नहीं होती है, लेकिन मुद्रा की कीमत कम हो जाने से लोगों को किसी भी वस्तु को खरीदने के लिए ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ते, जिसके कारण वे न तो जरूरत के सामान खरीद पाते हैं, और न ही बचत कर पाते हैं। आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ने लगती हैं। उत्पादन और विकास दर, दोनों में गिरावट दर्ज की जाती है। रोजगार सृजन का कार्य बंद हो जाता है और लोगों के हाथों से रोजगार फिसलने लगते हैं। महंगाई की वजह से विविध उत्पादों की मांग में कमी आती है और मांग में कमी आने से कल-कारखानों को उत्पादन को कम करना पड़ता है, जिसके कारण कंपनियों को नुकसान उठाना पड़ता है, और लंबी अवधि तक नकारात्मक स्थिति बनी रहने से कंपनियां बंद भी हो जाती हैं। उच्च महंगाई दर के लिए घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय, दोनों कारण जिम्मेदार हैं जिनमें अंतरराष्ट्रीय कारण ज्यादा महत्त्वपूर्ण हैं। भू-राजनैतिक संकट का अभी भी समाधान निकलता नहीं दिख रहा। रूस और यूक्रेन अभी भी अपने-अपने ईगो पर अड़े हुए हैं। इस वजह से वैश्विक स्तर पर महंगाई बढ़ रही है। चूंकि रेपो दर में बढ़ोतरी से महंगाई कम होती है, इसलिए महंगाई को सहनशीलता सीमा के अंदर लाने के लिए रिजर्व बैंक को ताजा मौद्रिक समीक्षा में भी रेपो दर में इजाफा करना पड़ा। हालांकि, रेपो दर में ज्यादा बढ़ोतरी से विकासात्मक कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, और बैंकों के लिए मुश्किलें बढ़ती हैं। बावजूद इसके, रिजर्व बैंक और सरकार फिलवक्त मंहगाई को नियंत्रित करने की नीति पर चल रहे हैं क्योंकि लंबी अवधि में इससे विकास दर में तेज वृद्धि हो सकती है।

# मेजबानी की बहाने

जी-20 की खत्म होती प्रासंगिकता मोदी सरकार के लिए संभवत: चिंता का पहलू इसलिए नहीं है क्योंकि इसकी मेजबानी के बहाने उसे अगले आम चुनाव के लिए एक बड़ा नैरैटिव खड़ा करने का मौका मिला है। यह खबर सुन कर हैरत हुई कि जी-20 की मेजबानी से संबंधित मुद्दों की विपक्ष को जानकारी देने और उसकी राय जानने के लिए नरेंद्र मोदी सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इसलिए कि इस सरकार का नजरिया अक्सर विपक्ष को हाशिये पर धकेलने, बल्कि यहां तक कि 'विपक्ष मुक्त' भारत बनाने का रहा है। ऐसे में एक अंतरराष्ट्रीय समूह की मेजबानी जैसे सामान्य मसले पर सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, तो साफ है कि सरकार इसके जरिए अपने घरेलू समर्थक वर्ग के बीच विशेष माहौल बनाना चाहती है। मकसद संभवत: यह है कि यह वर्ग अगले साल भर तक इससे जुड़ी चर्चाओं में खोया रहे और इसके जरिए पहले ही बनाई गई यह धारणा और पुष्ट हो कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बन रहा है। वरना, हर साल होने वाली शिखर बैठक अलग-अलग देशों में होती है और इसकी मेजबानी आम तौर पर रोटेशन से तय होती है। मेजबान की इसमें कुछ खास भूमिका तो होती है, लेकिन वह निर्णायक महत्त्व की नहीं होती। इसलिए मेजबान बनने के नाते भारत इस समूह को कोई नई दिशा दे सकेगा या इसकी कमजोर पड़ रही प्रासंगिकता को बहाल कर पाएगा, इसकी कोई संभावना नहीं है।

इस ग्रुप की प्रासंगिकता इसलिए कमजोर पड़ रही है, क्योंकि इसमें शामिल कई प्रमुख देश आज एक दूसरे के विरोधी खेमों का हिस्सा बनते दिख रहे हैं। इस विभाजन का गहरा साया हाल में इंडोनेशिया में हुई शिखर बैठक के दौरान देखने को मिला। वहां यह साफ हो गया कि मौजूदा हालात में यह समूह निर्णायक तो दूर, कोई सामान्य भूमिका निभाने की स्थिति में भी नहीं है। जी-20 का गठन भूमंडलीकृत होती विश्व अर्थव्यवस्था में खड़े होने वाले मसलों के हल पर आम सहमति बनाने के लिए हुआ था। 2008 की वैश्विक आर्थिक मंदी के बाद इसकी विशेष भूमिका बनी, जब इसके वार्षिक शिखर सम्मेलनों का सिलसिला शुरू हुआ। लेकिन अब ग्लोबलाइजेशन की प्रक्रिया उलटी दिशा में चल पड़ी है। यूक्रेन युद्ध तो साफ-साफ इस वैश्विक व्यवस्था को तोड़ दिया है। ऐसे में यह समूह अपनी प्रासंगिकता के लिए संघर्षरत है। बहरहाल, यह मोदी सरकार के लिए संभवत: चिंता का पहलू इसलिए नहीं है क्योंकि इसकी मेजबानी के बहाने उसे 2024 के आम चुनाव के लिए एक बड़ा नैरैटिव खड़ा करने का मौका मिला है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




### एकीकृत बाल विकास परियोजना अंतर्गत लगाई गई स्थानीय पोषक आहारों की प्रदर्शनी

# प्रशासन तुंहर द्वार अंतर्गत हिर्री में जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों ने दिए आवेदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**स्थानीय भाजियां और छत्तीसगढ़ के परंपरागत व्यंजन रहे मुख्य आकर्षण**

**शिविर में कुल 88 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 68 का निराकरण हुआ और 20 आवेदन लंबित**



**दुर्ग।** प्रशासन तुंहर द्वार अभियान के अंतर्गत ग्राम हिर्री में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में आस-पास के ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। जिसमें क्षेत्रवासियों के द्वारा कुल 88 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 68 आवेदन का निराकरण हुआ व 20 आवेदन लंबित रहे। शिविर में क्षेत्रवासीयों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शासन की योजनाओं से संबंधित जानकारियों भी हासिल की।

जन समस्या निवारण शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न रोगों की जांच एवं दवाई वितरण के लिए कैंप लगाए गए। इसके अलावा सास-बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को विभिन्न रोगों के लक्षण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दी गई। जिसमें प्रमुख रूप से परिवार नियोजन के लाभ एवं सास-बहू के आपसी समन्वय से घर-गृहस्थी को चलाने के बारे में भी महिलाओं को जागरूक किया गया। मोर मितान मोर संगवारी जागरूकता कार्यक्रम के तहत ग्रामीण पुरूषों को परिवार नियोजन हेतु जागरूक किया गया। जिसमें वे पुरूष जो नसबंदी करवा चुके है उनकी सहायता ली गई, कि वे अपना अनुभव साझा करें, उन्हे बताएं कि नसबंदी का कोई दुष्प्रभाव अथवा मेडिकल रियक्शन नही है ताकि अन्य पुरूष आश्वस्त होकर नसबंदी के लिए प्रेरित हो सकें।

किशोरी बालिका जागरूकता के अंतर्गत 18 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं को माहवारी के वक्त होने वाली समस्याओं एवं उसके उपचार संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही उन्हे माहवारी के समय लिए जाने वाले पोषणयुक्त आहार, माहवारी के दौरान स्वच्छता न रखने जैसी कुछ आदतों के कारण होने वाले संक्रमण के बारे में जागरूक किया गया। शिविर में शिक्षा विभाग द्वारा प्रर्दशनी लगाई गयी। जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा बनाई गई विज्ञान मॉडल्स को प्रर्दशित किया गया। कबाड़ से जुगाड़ अर्थात अपशिष्ट सामग्रियों से वॉटर हार्वेस्टिंग, रेन वाटॅर हार्वेस्टिंग एवं अन्य मॉडल शामिल किए गए।

# घर बैठे जरूरी दस्तावेज प्राप्त करने 41 हजार लोगों ने कराया अपाइंटमेंट बुक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन की मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में लोगों को घर बैठे शासकीय सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। योजना के तहत अब तक करीब 41 हजार शासकीय दस्तावेज नागरिको कों घर प्राप्त करने के लिए अपाइंटमेंट बुक कराया है। इस योजना के अंतर्गत नागरिकों को दस्तावेज संबंधी जानकारी टोल फ्री नम्बर 14545 पर प्रदान की जा रही है।




इस टोल फ्री नम्बर पर शासकीय दस्तावेज प्राप्त करने जानकारी ली है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देशन में एवं नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा नागरिकों को सरकारी दस्तावेज बनवाने हेतु घर पहुँच सेवा 'मुख्यमंत्री मितान योजना' की शुरुआत 01 मई 2022 से प्रदेश के समस्त 14 नगर निगमों में प्रारंभ की गई थी।

मितान योजना के अंतर्गत प्राप्त सेवाओं में मूल निवासी प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, भूमि की रिकार्ड की नकल, भूमि सूचना (भूमि उपयोग) मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीकरण और प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र सुधार और दुकान और स्थापना पंजीकरण संबंधी दस्तावेज मितान सेवा से प्राप्त किये जा सकते हैं। इसी तरह मृत्यु प्रमाण पत्र सुधार, विवाह प्रमाण पत्र सुधार, आधार कार्ड पंजीकरण, (5 वर्ष तक के बच्चों का) आधार कार्ड में पता एवं मोबाइल नंबर में सुधार घर बैठे मितान सेवा से प्राप्त किए जा सकते हैं।

इस सेवा से लोगों को श्रम, समय और धन की बचत हो रही है साथ ही प्रमाण पत्रों को प्राप्त करने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से भी निजात मिल रही है। वास्तव में छत्तीसगढ़ में मितान योजना से नागरिक सुविधाओं का विस्तार हुआ है और मितान की सेवाओं से सुविधाएं आसान हो रही है।

## खास खबर

### भानुप्रतापपुर उप चुनाव एवं हिमाचल जीत पर विधायक कार्यालय में मनाया गया जश्न

**रायपुर।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने एवं भानुप्रतापपुर उप चुनाव में जीत पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन के कार्यालय में नेताओं कार्यकर्ताओं ने जम कर जश्न मनाया एवं आतिशबाजी कर एक दूसरे का मूंह मीठा कराया। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव (नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग) रेखचंद जैन ने कहा की भानुप्रतापपुर उप चुनाव में कांग्रेस की जीत मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता की मुहर है तथा बस्तर का आदिवासी समाज कांग्रेस के साथ है इसपर बस्तर की जनता ने अपनी मुहर लगाई है भाजपा नेताओं ने जिस तरह से नकारात्मक प्रचार किया तथा हमारे वरिष्ठ आदिवासी नेता कवासी लखमा के के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की उसका जवाब भानुप्रतापपुर की जनता ने मत के रूप में करारा जवाब दिया है उन्होंने कहा की इस परिणाम से यह तय हो गया है की बस्तर तथा छत्तीसगढ़ की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस को भारी बहुमत से दुबारा सरकार बनाने का मन बना चुकी है हिमाचल प्रदेश चुनावों में कांग्रेस की सरकार बनने पर उन्होंने सभी कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा की यह जीत हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की जनकल्याणकारी छत्तीसगढ़ माडल पर जनता की मुहर है। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन के साथ नगर निगम की सभापति श्रीमती कविता साहू, वरिष्ठ पार्षद राजेश राय,उदयनाथ जेम्स,सुशीला बघेल, पार्षद सूर्या पाणी, बलराम यादव, कमलेश पाठक,कोमल सेना, पंचराज सिंह, मनोनीत पार्षद अम्मा जी राव, अमरनाथ सिंह,राजीव युवा मितान क्लब के जिला संयोजक सुशील मौर्य,दीपक अमोलिक,रजत जोशी,शादाब अहमद समेत बड़ी संख्या में नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विधायक श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े ने खेलभाठा मैदान के रंगमंच के छत निर्माण के लिए की 5 लाख रूपये की घोषणा

# युवा महोत्सव में सांस्कृतिक एवं खेल प्रतिभाओं के माध्यम से सभी वर्गो को मिल रहा बेहतर मौका

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** संसदीय सचिव एवं विधायक बिलाईगढ़ चन्द्रदेव राय के मुख्य आतिथ्य एवं सारंगढ़ विधायक एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े की अध्यक्षता में एक दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन आज सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान में आयोजित हुआ। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, कलेक्टर डॉ.फ़रिहा आलम सिद्दकी उपस्थित रहे। संसदीय सचिव एवं बिलाईगढ़ विधायक चन्द्रदेव राय ने कहा कि बहुत खुशी है कि छत्तीसगढ़ सरकार की गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की संकल्पना साकार होती हुई दिखाई दे रही है।



सारंगढ़ की इस पावन धरा में अनेक प्रतिभाओं ने जन्म लिया है, इस युवा महोत्सव में जशपुर की संस्कृति से लेकर बस्तर के नृत्यों का अनुभव मिला है। इस युवा महोत्सव की एक बड़ी खासियत यह है कि सांस्कृतिक एवं खेल प्रतिभाओं के माध्यम से हर उम्र के लोग इन आयोजनों में भाग ले सकते हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम के सफ्ल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम इसी प्रकार से लगातार बेहतर काम करते हुए गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पनाओं को साकार करेंगे। उन्होंने सभी विकासखण्ड स्तरीय विजेता प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि जिला स्तर पर विजयी होकर संभाग में जाये एवं संभाग के साथ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजयी होकर अपने जिले का नाम रोशन करें।

सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की दूरदर्शी योजनाओं के कारण जिले स्तर के आयोजन लगातार हो रहे हैं, जो एक जिले के रूप में हमारे लिए खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि नया जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के खेलभांठा मैदान में हर महीने कुछ न कुछ आयोजन होता है। इस मौके पर उन्होंने मैदान के रंगमंच में छत के निर्माण के लिए नगर पालिका की ओर से 5 लाख रूपये की घोषणा की। ताकि आने वाले समय में होने वाले आयोजनों के लिए टेंट लगाने की आवश्यकता न हो।

कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने कहा कि पारंपरिक विधाओं के साथ ही संस्कृति और खेलों को बढ़ावा देने के लिए युवा महोत्सव की शुरुआत हुई है। जिला स्तरीय युवा महोत्सव के माध्यम से जिले के ग्रामीण एवं शहरी अंचल के प्रतिभागियों को अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए एक बेहतर मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव में युवाओं द्वारा किए जा रहे गतिविधियों ने उन्हें भी ऊर्जा मिलती है कि वे भी इनके संग होकर इन नृत्यों का हिस्सा बन जाएं। उन्होंने सभी को जीत की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां की स्मृतियां आपके साथ जीवंत रहेंगी, आप यहाँ से जीतकर संभाग स्तर पर जाएं और उसके पश्चात राज्य स्तर पर जाकर जिले का नाम रोशन करें।

कार्यक्रम में गौ सेवा आयोग छत्तीसगढ़ के सदस्य पुरुषोत्तम साहू, कृषक कल्याण परिषद सदस्य श्री शरद यादव, सारंगढ़ जनपद अध्यक्ष मंजू मालाकार, बरमकेला जनपद अध्यक्ष तारा अरूण शर्मा, बिलाईगढ़ जनपद अध्यक्ष भूमिका कत्थाकार, सारंगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष सोनी अजय बंजारे, संयुक्त कलेक्टर डॉ. स्निग्धा तिवारी, सारंगढ़ एसडीएम मोनिका वर्मा, समस्त जनपद सीईओ, खेल विभाग के अधिकारी कर्मचारी, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव प्रतियोगिता में चित्रकला, वाद-विवाद, फूड फेस्टिवल, शास्त्रीय गायन, बांसुरी वादन, हारमोनियम वादन, लोकनृत्य, लोकगीत, एकांकी, नाटक, कत्थक, भरतनाट्यम, तबला वादन, इसके साथ ही छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जुड़े खेल जिनमें खो-खो, कबड्डी भौंरा, गेड़ी, फुगड़ी आदि खेल शामिल किए गए थे। यह प्रतियोगिता 15 से 40 वर्ष और 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग हेतु आयोजित किया गया था। जिले के सभी विकासखंडों से चयनित प्रतिभागी महिला व पुरूष जिला स्तरीय युवा महोत्सव में शामिल हुए थे। उक्त आयोजन में विजेता दल एवं प्रतिभागियों को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय युवा महोत्सव से चयनित किया है।

# जागरूकता कार्यशाला में नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के साथ शामिल हुईं महिला पार्षद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** शहरी आजीविका मिशन द्वारा रायपुर नगर निगम क्षेत्र में महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर के कारणों से अवगत कराते हुए प्रजनन पथ संक्रमण से बचाव के लिए स्वच्छता हेतु प्रेरित करने व सेनेटरी पैड के उपयोग के संबंध में जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। इस तारतम्य में महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे सहित महिला पार्षद, शहरी आजीविका मिशन के प्रोजेक्ट मैनेजर व सामुदायिक संगठक शामिल हुए।

कार्यशाला में महिला पार्षदों की भूमिका को महत्वपूर्ण मानते हुए उनके उपयोगी सुझाव लिए गए। सभी ने माना कि स्वास्थ्य के प्रति हर महिला को जागरूक करने की बड़ी जिम्मेदारी हर शिक्षित महिला निभाएं एवं शहर की हर आयवर्ग को सेनेटरी पैड के उपयोग हेतु प्रेरित करने व उपलब्ध हर बेहतर विकल्प से उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए मिलकर प्रयास करेंगे।

निगम मुख्यालय में गांधी सदन में आयोजित कार्यशाला विशेष रूप से केवल महिला पार्षदों हेतु आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में नेता प्रतिपक्ष मीनल छगन चौबे, पार्षद सीमा संतोष साहू, मंजू विरेन्द्र साहू, विश्वदिनी पाण्डेय, नीलम नीलकण्ठ, टेशु नंद किशोर, कामिनी पुरूषोत्तम देवांगन, सरिता वर्मा शामिल हुईं। नेता प्रतिपक्ष मीनल छगन चौबे ने इस पूरे जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी ली एवं शहरी आजीविका मिशन द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रामीण अंचल के साथ ही शहरी क्षेत्रों में भी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहें सैकड़ों परिवारों की महिलाएं अभी भी प्रजनन पथ संक्रमण के खतरों के संबंध में पूरी तरह से जागरूक नहीं है। कार्यशाला में यह भी चिंता व्यक्त की गई कि मासिक धर्म के दौरान अस्वच्छ कपड़े के निरंतर उपयोग से महिलाओं और किशोरियों में संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है।

इस महत्वपूर्ण अभियान के संबंध में मिशन मैनेजर सुषमा मिश्रा ने विस्तार से जानकारी देते हुए सभी को अवगत कराया कि संक्रमण से बचाव के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय संस्था बाला प्रोजेक्ट के साथ मिलकर जिले में स्वच्छता जागरूकता अभियान का संचालन किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रदान करने सेरीखेड़ी में जिला पंचायत द्वारा संचालित कल्पतरू मल्टीयूटिलिटी सेंटर में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. के साथ मिलकर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। यहां प्रशिक्षण प्राप्त महिलाएं मास्टर ट्रेनर के तौर पर अब अंचल की महिलाओं को स्वास्थ्य व पोषण संबंधी जरूरी जानकारी देकर उन्हें जागरूक कर रही है।

# आज भी छाये रहेंगे बादल ठंड बढ़ने की संभावना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश में उत्तर से आ रही ठंडी हवा का आगमन लगातार जारी है, जिसके कारण न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं हो रहा है। आज भी प्रदेश में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है जिसके कारण प्रदेश में न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। प्रदेश के बस्तर संभाग के दक्षिणी छोर में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की भी संभावना है।

मौषम वैज्ञानिकों के अनुसर चक्रवाती तूफान मंडौस दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित था जो उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी की ओर 12 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ रहा है। इसकी स्थिति दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी में स्थिति 9.7 डिग्री उत्तर 83.5 डिग्री पूर्व त्रिंकोमाली श्रीलंका से 280 किलोमीटर पूर्व उत्तर पूर्व की ओर, जाफ्ना से पूर्व की ओर 380 किलोमीटर दूर, कराईकल से पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर 420 किलोमीटर दूर, चेन्नई से दक्षिण पूर्व की ओर 520 किलोमीटर दूर स्थित है ।

इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम की ओर आगे बढ़ते हुए और अधिक प्रबल होकर प्रबल चक्रवाती तूफान के रूप में आज शाम को परिवर्तित होने की संभावना है। इसके कल 9 दिसंबर के सुबह तक इसकी प्रबलता बने रहने की संभावना है । उसके बाद इसके क्रमिक रूप से कमजोर होते हुए चक्रवाती तूफान के रूप में कल रहने की संभावना है।

### प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक आयटम्स की जब्ती के लिए चलाया जाएगा विशेष अभियान

**गरियाबंद।** भारत शासन पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा दिनांक 12 अगस्त 2021 को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम, 2021 अधिसूचित किया गया है,जिसके अंतर्गत 1 जुलाई 2022 से पोलीस्टाइरीन और विस्तारित पोलीस्टाइरीन वस्तुओं सहित निम्नलिखित एकल प्रयोग प्लास्टिक वस्तुओं का विनिर्माण, आयात,भंडारण,वितरण बिकी और उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। जिससे प्लास्टिक स्टिक युक्त ईयर बड्स,गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की इंडिया नियंत्रण कार्ड और सिगरेट पैकेट 100 माइकॉन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीव्हीसी बैनर,स्ट्रि शामिल है।










## खास खबर...

### रोजगार का अवसरः आईटीआई सड्डू रायपुर में अप्रेंटिसशीप मेला 12 दिसम्बर को

**रायपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सड्डू, विधानसभा रोड रायपुर में 12 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से अप्रेंटिसशीप मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेला का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को रोजगार हेतु प्रोत्साहित करना है। योजनांतर्गत आयोजित किये जाने वाले अप्रेन्टिसशीप मेला में पोर्टल www.apprenticeship.gov.in पर अधिक से अधिक उद्योग और प्रतिष्ठानो का पंजीयन किया जा सकता है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी को रोजगार का अवसर मिल सकेगा। मेले में जिले के समस्त उद्योग, प्रतिष्ठान अप्रेन्टिसशीप, प्लेसमेन्ट रखने हेतु सम्मिलित हो सकते है।

इस मेले में आईटीआई उत्तीर्ण युवा भाग ले सकते है। अप्रेन्टिसशीप प्रशिक्षण हेतु इच्छुक उम्मीदवार समस्त दस्तावेज के साथ 12 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से संस्था में उपस्थित हो सकते है। अप्रेन्टिसशीप मेला के दौरान प्रशिक्षणार्थी तथा उद्योग, प्रतिष्ठान का पोर्टल में स्पार्ट पंजीयन की सुविधा आईटीआई कैम्पस में रहेगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए प्रशिक्षणार्थी आई टी आई सड्डू, रायपुर मे कार्यालयीन समय पर संपर्क कर प्राप्त कर सकते है।

### अनुसूचित जाति के युवाओं को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना में आवासीय कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा

**रायपुर।** प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अन्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अनुसूचित जाति के युवाओं को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना में लाईवलीहुड कॉलेज जोरा रायपुर में आवासीय कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिला कौशल विकास प्राधिकरण रायपुर के सहायक संचालक केदार पटेल ने बताया कि विभिन्न जॉबरोल यथा-असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, डोमेस्टिक डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, सेल्फ इम्प्लायड टेलर, रिटेल सेल्स एसोसियेट, मेडिकल लेब टेक्निशियन, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट एवं लाजिस्टिक से संबंधित कोर्स में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अन्तर्गत आवासीय कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में सम्मिलित रायपुर जिले के समस्त ग्राम में निवासरत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अनुसूचित जाति के 18 वर्ष से 45 वर्ष के युवाओं से आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन संबंधी की विस्तृत जानकारी एवं सम्मिलित ग्रामों की सूची हेतु कार्यालयीन नम्बर-0771-2443066 एवं 9109321845 में संपर्क किया जा सकता है। आवेदन की अंतिम तिथि 30 दिसंबर निर्धारित किया गया है।

### शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता 10 से 12 दिसम्बर तक रायपुर में

**रायपुर।** आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह की स्मृति में 10 से 12 दिसम्बर तक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागी शहीद वीर नारायण सिंह, अन्य आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा जननायकों के जीवन की घटनाओं से संबंधित चित्रण करेंगे।

चित्रकला प्रतियोगिता में 2 विधाएं- केनवास में पेंटिंग एवं ड्राइंग शीट पेंटिंग हैं। केनवास पेंटिंग की प्रतियोगिता दो आयु वर्ग 16 से 25 एवं 25 आयु वर्ग से उपर के लिए होगी। इसी प्रकार ड्राइंग शीट पेंटिंग 12 से 18 आयु वर्ग और 18-30 आयु वर्ग के लिए आयोजित की गई है। प्रतियोगिता में इन आयु वर्ग से संबंधित कोई भी प्रतिभागी शामिल हो सकता है। आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से लगभग 250 प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है।

प्रतियोगिता के प्रत्येक विधा एवं आयु वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया जाएगा। केनवास पेंटिंग 16 से 25 आयु वर्ग एवं 25 से अधिक आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 11 हजार, द्वितीय को 8 हजार एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 6 हजार रूपए की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी।

# गोठानों द्वारा खुद की जमा पूंजी से गोबर खरीदना गोधन न्याय योजना की सफलताः सीएम बघेल

**मुख्यमंत्री ने गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों के खाते में योजना की 57वीं किस्त के रूप में किया 7.83 करोड़ रूपए का ऑनलाईन अंतरण**

### प्रदेश के आधे से अधिक गोठान स्वयं के संसाधनों से खरीद रहे हैं गोबर

### आने वाले समय में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क बनेंगे मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि गोठानों द्वारा खुद की जमा पूंजी से गोबर खरीदना गोधन न्याय योजना की बड़ी सफलता है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के आधे से अधिक गौठान स्वयं के संसाधनों से गोबर की खरीदी कर रहे हैं। राज्य शासन को इन गौठानों को गोबर खरीदने के लिए राशि देने की आवश्यकता नहीं पड़ती है।



गोबर विक्रेताओं को आज भुगतान की गई 4.62 करोड़ रुपए की राशि में से 4270 स्वावलंबी गोठानों द्वारा 2.88 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया तथा कृषि विभाग द्वारा 1.74 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। पिछले पखवाड़े में गोबर खरीदी के लिए प्रदेश के स्वावलंबी गगोठानों ने कृषि विभाग की तुलना में अधिक राशि का भुगतान किया है। स्वावलंबी गौठानों द्वारा अब तक अपने संसाधनों से 29.61 करोड़ रूपए की राशि से गोबर की खरीदी की गई है। मुख्यमंत्री बघेल अपने निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को राशि के अंतरण के लिए आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में हितग्राहियों को 7 करोड़ 83 लाख रूपए का ऑनलाईन भुगतान किया। इस राशि में 16 नवम्बर से 30 नवम्बर तक गोठानों में गोबर विक्रेता पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से क्रय किए गए गोबर के एवज में उनके खाते में 4 करोड़ 62 लाख रूपए की राशि ऑन लाईन अंतरित की। इसी प्रकार गौठान समितियों को एक करोड़ 28 लाख रुपए तथा महिला समूहों के खाते में एक करोड़ 93 लाख रूपए की लाभांश राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ.कमलप्रीत सिंह, गोधन न्याय मिशन के प्रबंध संचालक डॉ. अय्याज तम्बोली, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन संचालक अवनीश शरण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव गौरव कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने इस संदर्भ में बताया कि राजिम विधानसभा क्षेत्र में भेंट-मुलाकात के दौरान एक महिला ने बताया कि वर्मी कम्पोस्ट के लिए उपयोग में आने वाली बोरियों में उन्होंने प्रिंटिंग का काम कर 4 लाख रूपए की कमाई की है। उन्होंने कहा कि अच्छे उत्पादों को तैयार करने के लिए युवाओं और महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के जरिए आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में एक मजबूत अर्थव्यवस्था खड़ी होगी, जो देश और दुनिया के लिए उदाहरण होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोबर खरीदी के एवज में भुगतान की जा रही राशि लगातार बढ़ रही है। लोग गौठानों से जुड़ रहे हैं, गोबर और वर्मी कम्पोस्ट का महत्व समझ रहे हैं। भेंट-मुलाकात के दौरान कुछ गोठानों समितियों ने स्वयं की राशि से आर्थिक गतिविधियों के लिए शेड बनाने की मांग की।

कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि प्रदेश में 11 हजार 252 गोठानों को स्वीकृति दी गई है, जिनमें से 9 हजार 619 गोठान निर्मित किए गए हैं, इनमें से ग्रामीण क्षेत्रो में 8440 गौठान निर्मित किए गए हैं। इन गौठानों में से 4270 गौठान स्वावलंबी हो गए हैं। गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन और वितरण का काम विभिन्न विभागों के समन्वय से किया जा रहा है। आने वाले समय में वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन छत्तीसगढ़ में एक बड़ा अभियान बनेगा। उन्होंने कहा कि रीपा की गतिविधियों को युवाओं को जोड़कर और अधिक बढ़ाया जाएगा।

### अधिक से अधिक गोठानों को उपलब्ध कराएं बेलर मशीन

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' में प्रदेश के युवाओं और महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। गौठानों में विकसित किए जा रहे रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की गतिविधियों में युवाओं और महिलाओं को जोड़ा जा रहा है। इससे युवाओं और महिलाओं को रोजगार और आमदनी का अच्छा जरिया मिलेगा। बघेल ने कहा कि गौठानों में किसान स्वयं पैरादान कर रहे हैं। पैरादान के लिए किसानों को और अधिक प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। जब गौठानों में पशुओं के लिए चारा और पानी की व्यवस्था होगी, तो पशु खेती और सड़कों के बजाय गौठानों में रहेंगे। उन्होंने प्रदेश के अधिक से अधिक गौठानों में पैरा के बंडल बनाने के लिए बेलर मशीन उपलब्ध कराने के प्रयास करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में ऐसे उत्पाद प्राथमिकता के आधार पर तैयार किए जाएं, जिनकी शासन को जरूरत है या जिनके मार्केट में अच्छी मांग है।

### गोबर विक्रेता पशुपालकों, ग्रामीणों को योजना की शुरूआत से अब तक 188.45 करोड़ रूपए का भुगतान

गोधन न्याय मिशन के प्रबंध संचालक डॉ. अय्याज तम्बोली ने बताया कि गोबर खरीदी के एवज में गोधन न्याय योजना शुरू होने के बाद से अब तक 188.45 करोड़ रूपए तथा गौठान समितियों और महिला स्व सहायता समूहों को लाभांश की राशि के रूप में 170.05 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अब तक गौठानों में 19.82 लाख क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन किया गया है। इसमें से 16.24 लाख क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय किया जा चुका है। डॉ. तम्बोली ने बताया कि गौठानों में अब तक पैरादान से 2.25 लाख क्विंटल पैरा मिला है।

# मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से अब तक 35 लाख से ज्यादा लोगों का निःशुल्क इलाज



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ऐसी परिकल्पना की थी स्लम बस्तियों में निवासरत लोगों का इलाज उनके घर पर ही हो। इसी उद्देश्य के साथ लागू की गई मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के माध्यम से अब तक 35 लाख से ज्यादा लोगों का इलाज मोबाइल मेडिकल यूनिट के चिकित्सा दल द्वारा स्लम बस्तियों में पहुंचकर किया गया है। योजना के तहत अब पूरे राज्य के नगरीय क्षेत्रों के स्लम बस्तियों में चिकित्सक, पैरामेडिकल टीम, मेडिकल उपकरण एवं दवाओं से लैस 120 मोबाइल मेडिकल यूनिट पहुंचकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा रही है। इस योजना के माध्यम से अब तक 7 लाख 96 हजार 182 मरीजों को पैथालॉजी टेस्ट की सुविधा मुहैया कराने के साथ ही 29 लाख 82 हजार 636 से अधिक मरीजों को नि:शुल्क दवाएं दी गई हैं। योजना के तहत लाभान्वित मरीजों में 2 लाख 56 हजार 465 श्रमिक भी हैं।

छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत अब तक राज्य के 169 नगरीय निकायों की स्लम बस्तियों में 47 हजार 840 कैम्प लगाकर लोगों की नि:शुल्क जांच व उपचार कर दवाईयां दी गई हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नगरीय क्षेत्रों की तंग बस्तियों के एवं अन्य जरूरत मंद लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवायें उपलब्ध कराया जाए।

गौरतलब है कि राज्य के 14 नगर निगम क्षेत्रों की स्लम बस्तियों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के प्रथम चरण की शुरूआत 01 नवम्बर 2020 को हुई थी। इसके तहत 60 मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा स्लम बस्तियों में जाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार एवं दवा वितरण की शुरूआत की गई थी। 31 मार्च 2022 को इसका विस्तार पूरे राज्य के नगरीय निकाय क्षेत्रों में किया गया तथा 60 और नई मोबाइल मेडिकल यूनिट शुरू की गई।

**'चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के शपथ ग्रहण में शामिल हुए सीएम बघेल, बोले-**

# हमारी सरकार ने परंपरागत व्यवसाय को संवारा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरुवार को चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने बोर्ड के नव नियुक्त अध्यक्ष तरूण बिजौर एवं सदस्यगण, खिलावान बघेल, सरोजनी रात्रे और तुलसी दौड़िया को नई जिम्मेदारियों के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि मुझे आशा है कि बोर्ड के अध्यक्ष सारे सदस्य को जो जिम्मेदारी दी गई है उसे पूर्ण समर्पण भाव करते हुए प्रदेश की प्रगति में भागीदारी निभाएगें।



कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव सभ्यता की शुरूआत से चमड़े का महत्व रहा है। पहले चमड़े से बने हुए जूते चप्पल पहना करते थे। धीरे-धीरे विकास की दौड़ में चमड़े के व्यापार को प्रभावित किया, चमड़े का उपयोग कम होता गया। जूते चप्पल के निर्माण में भी दूसरे पदार्थ का उपयोग किया जाने लगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बनने पर हम ने परंपरागत व्यवसायों को संरक्षित करने का कार्य किया, हमने गौठान बनाये गए। उन्होंनें कहा कि परंपरागत व्यवसाय से बने उत्पादों को आधुनिक बाजार में अच्छा प्रतिसाद मिले इसके लिए इसे उत्पादों की अच्छी पैकेजिंग कराने की व्यवस्था की ब्राडिंग की और उनकी बिक्री के लिए शहरों में सी मार्ट की व्यवस्था की गई। साथ ही रूरल इन्डस्ट्रियल पार्क की स्थापना की गई है। इसके विकास के लिए 600 करोड़ रूपए बजट का प्रावधान किया गया है। इससे हमारे परंपरागत व्यवसायों के विकास के साथ गांव में अन्य व्यापार करने के भी अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को उनकी छाया चित्र भेंट की गई। इस समय समाज के अन्य प्रतिनिधी उपस्थित थे।

# प्रदेश में अब तक 38.24 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

**रायपुर।** राज्य में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। समर्थन मूल्य पर अब तक किसानों से 38 लाख 24 हजार 141 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है, जिसके एवज में 10 लाख 13 हजार 497 किसानों को 7943 करोड़ रूपए का भुगतान भी बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया जा चुका है। धान बेचने में किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत न हो, इसको लेकर पूरी व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सभी उपार्जन केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध हैं।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदने के लिए इस साल राज्य सरकार द्वारा किसानों को ऑनलाइन टोकन जारी करने की व्यवस्था के चलते किसानों को सहूलियत होने लगी है। बड़ी संख्या में किसान टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से धान बेचने के लिए अपनी मर्जी के मुताबिक तिथि का चयन करने लगे हैं। इसके साथ ही उपार्जन केन्द्रों द्वारा मैन्युअल रूप से किसानों को टोकन जारी करने की व्यवस्था पूर्व वर्षों की भांति जारी है।

खाद्य सचिव टीके वर्मा ने बताया कि इस साल राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए राज्य में 25.92 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 2.26 लाख नये किसान हैं। राज्य में धान खरीदी के लिए 2568 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। सामान्य धान 2040 रूपए प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान 2060 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। राज्य में धान खरीदी की व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सीमावर्ती राज्यों से धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए चेक पोस्ट पर माल वाहकों की चेकिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ धान का उठाव किया जा रहा है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट,
पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn.
& Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR
BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# रेट्रो वॉकिंग क्या है और इससे कौन से 5 बड़े फायदे मिलते हैं?



रेट्रो वॉकिंग का मतलब पीछे की ओर यानी उल्टा चलना है और इसे रिवर्स वॉकिंग भी कहते हैं। नॉर्मल वॉकिंग की तुलना में यह स्वास्थ्य के लिए कहीं ज्यादा लाभदायक है। रेट्रो वॉकिंग हमारे दिल, दिमाग और मेटाबॉलिज्म के लिए भी बेहद फायदेमंद होती है। इससे दिल ज्यादा तेजी से पंप करता है और शरीर के अंगों में खून और ऑक्सीजन की सप्लाई तेज होती है। आइए आज हम आपको रेट्रो वॉकिंग से मिलने वाले पांच फायदे बताते हैं।

### कॉर्डिनेशन में करती है सुधार

रेट्रो वॉकिंग के लिए आपको अपनी सामान्य गति के विरुद्ध जाने की आवश्यकता होती है, यानी इस वॉकिंग में आपको अपने शरीर के बेहतर कॉर्डिनेशन की आवश्यकता होगी। रेट्रो वॉकिंग करने पर आपका दिमाग आपका बेहतर मार्गदर्शन करने पर केंद्रित रहता है। इससे आपके दिमाग और शरीर के कॉर्डिनेशन में सुधार होता है और आपको अपने अंगों और शरीर की स्थिति की बेहतर समझ रखने में मदद मिलती है।

### घुटनों पर पड़ेगा कम दबाव

जिन रोगियों के घुटनों में ऑस्टियोआर्थराइटिस है, उनके लिए रेट्रो वॉकिंग बेहद फायदेमंद हो सकती है। इससे उनके घुटनों का दर्द कम होगा और पैरों की ताकत में सुधार होगा। रेट्रो वॉकिंग काफी समय से घुटने में हो रहे दर्द को भी कम करता है। जब आप पीछे की ओर चलते हैं तो आपके क्वाड्रिसेप्स की गतिविधि कम हो जाती है। इसकी वजह से घुटने के जोड़ पर कम दबाव पड़ता है, जिससे दर्द की तीव्रता कम होती है।

### ज्यादा कैलोरी होती है बर्न

नॉर्मल वॉकिंग की तुलना में रेट्रो वॉकिंग करने से प्रति मिनट 40 प्रतिशत से ज्यादा कैलोरी बर्न होती हैं। डॉक्टर्स के मुताबिक, उल्टा चलने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और आप कम समय में ज्यादा कैलोरी बर्न कर पाते हैं। अगर आप अपना वजन जल्दी कम करना चाहते हैं तो आपको रोजाना सुबह के समय नॉर्मल वॉकिंग या जॉगिंग की जगह रेट्रो वॉकिंग शुरू कर देनी चाहिए। यह आपके स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद रहेगी।

### कार्डियोरेस्पिरेटरी फिटनेस में करती है सुधार

डॉक्टरों का मानना है कि किसी भी तरह की वॉकिंग हमारे हृदय और फेफड़ों के लिए बेहतर होती है, लेकिन रेट्रो वॉकिंग या उल्टा चलने से हमारा दिल तेजी से पंप करता है। इसका मतलब है कि आपको कार्डियो फिक्स मिलता है, मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और कम समय में अधिक कैलोरी बर्न होती है। इससे दिल और सांस संबंधी बीमारी नहीं होतीं। रेट्रो वॉकिंग करने से युवा महिलाओं की शरीर की संरचना में भी अच्छे बदलाव होते हैं।

### पैरों को रखती है मजबूत

रेट्रो वॉकिंग आपके कम सक्रिय पैरों की मांसपेशियों को मजबूत करने के सबसे प्रभावी प्राकृतिक तरीकों में से एक है। जब आप पीछे की ओर चलते हैं तो यह आपके क्वाड्रिसेप्स के विपरीत आपके हैमस्ट्रिंग को फ्लेक्स करती है और मांसपेशियों को मजबूत करती है। यह काफ मसल, ग्लूट्स और क्वाड्रीसेप्स पर ज्यादा असर डालता है। ऐसा कहा जाता है कि रेट्रो वॉकिंग के 100 स्टेप्स नॉर्मल वॉकिंग के 1,000 स्टेप्स के बराबर हैं।

# अजय देवगन की 'भोला' में कैमियो कर सकते हैं अभिषेक बच्चन



अभिनेता अजय देवगन तमिल फिल्म 'कैथी' की हिंदी रीमेक पर काम कर रहे हैं, जिसका शीर्षक 'भोला' रखा गया है। इसका निर्देशन अजय खुद कर रहे हैं। 'दृश्यम 2' के बाद एक बार फिर इस फिल्म में अजय के साथ अभिनेत्री तब्बू नजर आएंगी। ऐसी चर्चा चल रही है कि इस फिल्म के लिए अभिनेता अभिषेक बच्चन ने अजय के साथ हाथ मिलाया है। वह कैमियो की भूमिका में नजर आ सकते हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिषेक बच्चन इस फिल्म में स्पेशल अपीयरेंस में दिखाई देंगे। कहा जा रहा है कि वह डार्क रोल में नजर आएंगे। हालांकि, इस संबंध में मेकर्स की तरफ से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। दरअसल, सेट से अभिषेक की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई हैं, जिसके बाद उनके फिल्म से जुड़ने की खबरों को हवा मिली। यह फिल्म अगले साल 30 मार्च को दुनियाभर में रिलीज होगी।

# 'सलाम वेंकी' से 'कैट' तक, इस वीकेंड रिलीज हो रही हैं ये फिल्में और वेब सीरीज

फिल्में देखने की बात हो तो हर कोई वीकेंड का इंतजार करता है। वीकेंड आ चुका है और दर्शकों के लिए एक बार फिर से पर्दे पर नया कंटेंट आने तो तैयार है। दिलचस्प बात यह है कि इस हफ्ते आने वाली फिल्मों में ज्यादातर क्राइम ड्रामा हैं। बात हॉल की हो चाहे सिनेमाघरों की, इस वीकेंड दर्शकों को भरपूर मनोरंजन मिलने वाला हैं। ये हैं इस हफ्ते सिनेमाघरों और ओटीटी पर रिलीज हो रहीं हिंदी फिल्में और वेब सीरीज।










### सलाम वेंकी

काजोल की फिल्म 'सलाम वेंकी' 9 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। यह एक इमोशनल ड्रामा फिल्म है, जो एक मां-बेटे पर आधारित है। इसमें काजोल ने सुजाता की भूमिका निभाई है, जबकि विशाल जेठवा उनके बेटे वेंकी के किरदार में हैं। वेंकी को एक जानलेवा बीमारी है। इसकी कहानी कभी प्रेरित करती है, तो कभी भावुक कर देती है। फिल्म के ट्रेलर में आमिर खान की झलक भी देखने को मिली थी।

### मारीच

9 दिसंबर को ही पर्दे पर तुषार कपूर की 'मारीच' भी रिलीज हो रही है। यह एक क्राइम ड्रामा फिल्म है जिसमें तुषार एक पुलिस अफसर की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में तुषार के साथ अभिनेत्री अनीता हसनंदानी और नसीरुद्दीन शाह भी नजर आएंगे। फिल्म का प्रोडक्शन तुषार कपूर की प्रोडक्शन कंपनी तुषार एंटरटेनमेंट हाउस ने किया है। इसके पहले इस कंपनी ने अक्षय कुमार की 'लक्ष्मी' बनाई थी। इससे पहले तुषार 2017 'गोलमाल 4' में नजर आए थे।

### वध

मारीच के अलावा एक और क्राइम थ्रिलर फिल्म शुक्रवार को सिनेमाघरों में आ रही है, 'वध'। इस फिल्म में संजय मिश्रा और नीना गुप्ता मुख्य किरदार में हैं। एक तरफ दोनों के चेहरे पर मासूमियत कूट-कूटकर भरी है तो दूसरी तरफ उन्हें मजबूरन एक ऐसा अपराध करना पड़ा है, जिसकी वे खुद भी कल्पना नहीं कर सकते। सिनेमाघरों में रिलीज होने से पहले फिल्म को क्रिटिक्स की खूब तारीफ मिल रही है।

### ब्लर

क्राइम थ्रिलर फिल्मों के शौकीन लोगों के लिए ओटीटी पर 'ब्लर' आ रही है। इस फिल्म में तापसी पन्नू मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में वह डबल रोल में नजर आएंगी। यह तापसी की प्रोडक्शन कंपनी 'आउटसाइडर्स' की पहली फिल्म है। फिल्म 9 दिसंबर को जी5 पर स्ट्रीम होगी। 'ब्लर' 2010 में आई स्पैनिश थ्रिलर फिल्म 'जूलियाज आइज' की हिंदी रीमेक है। इसमें तापसी मशहूर स्पैनिश अभिनेत्री बेलेन रुएदा वाली भूमिका में दिखने वाली हैं।

### कैट- नेटफ्लिक्स वेब सीरीज

रणदीप हुड्डा की वेब सीरीज 'कैट' काफी समय से चर्चा में है। यह सीरीज 9 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर आएगी। यह सीरीज पंजाब में फैले ड्रग्स के जाल पर आधारित है जिसमें रणदीप एक अंडरकवर एजेंट की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म राजनीति और क्राइम के साठ-गांठ को भी दर्शाती है। इस सीरीज का निर्देशन बलविंदर सिंह जानूजा ने किया है। इससे पहले रणदीप 2020 में नेटफ्लिक्स पर आई फिल्म 'एक्सट्रैक्शन' में नजर आए थे।

### फाडू

'फाडू' एक रोमांस ड्रामा है जिसमें पवैल गुलाटी और सैयामी खेर मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह सीरीज 9 दिसंबर से सोनी लिव पर स्ट्रीम होगी। सीरीज में पवैल का किरदार अपने आर्थिक महत्वाकांक्षा और सच्चे प्यार के बीच उलझा हुआ है। यह झुग्गियों में रहने वाले एक नौजवान के ऊंचे सपनों की कहानी है। इस सीरीज का निर्देशन अश्विनी तिवारी ने किया है। वह 'नील बट्टे सन्नाटा' और 'पंगा' जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुकी हैं।

### फॉल

थ्रिलर सीरीज 'फॉल' 9 दिसंबर को डिज्नी+ हॉटस्टार पर आएगी। हॉटस्टार पर यह सीरीज हिंदी समेत कई भाषाओं में रिलीज होगी। यह कनाडाई मिनी सीरीज 'वर्टिज' का रूपांतरण है। यह एक युवा लड़की की कहानी है जो आत्महत्या का प्रयास करती है। अब उसकी याददाश्त जा चुकी है और वह जानने की कोशिश करती है कि उसके साथ हुआ क्या था। इस प्रक्रिया में वह अपने करीबियों के झूठ और फरेब को देखती है।

### ओटीटी पर ये भी देखें

इनके अलावा सामंथा रुथ प्रभु की चर्चित फिल्म 'यशोदा' 9 दिसंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। सिनेमाघरों में फिल्म को अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। चर्चित वेब सीरीज 'मनी हाइस्ट' का कोरियन रूपांतरण 'मनी हाइस्ट कोरिया' का दूसरा सीजन 9 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर आएगा।

# रणवीर सिंह को लगता है कॉमेडी मुश्किल जॉनर, रोहित शेट्टी को बताया कॉमेडी का बादशाह

बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह, जो अपनी आगामी फिल्म सर्कस के साथ बॉक्स-ऑफिस पर अपने प्रदर्शन को पटरी पर लाने की उम्मीद कर रहे हैं, का मानना है कि अभिनेताओं और निर्देशकों दोनों के लिए कॉमेडी सबसे कठिन शैली है। मुंबई में करंट लगा रे के सॉन्ग लॉन्च के मौके पर उन्होंने अपने डायरेक्टर रोहित शेट्टी को कॉमेडी का बादशाह कहकर बधाई दी। हालांकि, इस बयान पर बहस की जा सकती है क्योंकि भारतीय सिनेमा में प्रियदर्शन और अनीस बज्मी जैसे निर्देशक भी हैं। रणवीर ने अपनी पत्नी दीपिका पादुकोण की भी प्रशंसा की और उल्लेख किया कि 2013 में शाहरुख खान-अभिनीत फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस से मीनम्मा का उनका चरित्र उनका अब तक का सबसे पसंदीदा चरित्र है। अभिनेता ने कहा, मुझे लगता है कि सभी शैलियों में से कॉमेडी बहुत मुश्किल है। यह किसी भी अभिनेता या कहानीकार के लिए लिटमस टेस्ट है क्योंकि अगर आप पंचलाइन के लिए बीट मिस करते हैं तो यह कुछ ही समय में ढह सकता है। अपने निर्देशक की प्रशंसा करते हुए, अभिनेता ने कहा, जब मैं रोहित शेट्टी के साथ काम करता हूं तो मेरा हास्य पक्ष सबसे अच्छा सामने आता है क्योंकि वह कॉमेडी के बादशाह हैं और लगभग 16 साल से ऐसा कर रहे हैं।

83 और जयेशभाई जोरदार जैसी भारी फ्लॉप फिल्मों के साथ बॉक्स-ऑफिस पर गर्मी का सामना करने के बाद, रणवीर सर्कस के साथ एक्शन में वापसी करना चाह रहे हैं, जो 23 दिसंबर, 2022 को सिनेमाघरों में उतरेगी।


# कीर्ति कुल्हारी की शॉर्ट फिल्म रेस्ट ऑफ द नाइट कल हॉटस्टार होगी रिलीज

अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी जल्द शॉर्ट फिल्म रेस्ट ऑफ द नाइट में दर्शकों से रूबरू होंगी। उन्होंने अपने बैनर किंत्सुकुरॉय फिल्म्स के तहत इसे को-प्रोड्यूस किया है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की रिलीज डेट शेयर कर दी है। फिल्म 10 दिसंबर को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर दस्तक देगी। कीर्ति ने फिल्म का एक पोस्टर भी शेयर किया है, जिसमें उन्होंने इस प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारी दी है। प्रेरित सेठ ने फिल्म का लेखन और निर्देशन किया है।

फिल्म में कीर्ति को कोरोना वायरस की महामारी के लॉकडाउन के दौरान घर में फंसी एक महिला के रूप में दिखाया गया है। घर में बंद पड़े रहने के कारण कीर्ति के कैरेक्टर को अकेलेपन और नींद की परेशानी से जूझना पड़ता है। बताया जा रहा है कि फिल्म की कहानी दर्शकों को भावुक कर देगी। इसमें कीर्ति के साथ अभिनेता विश्वास किनी भी दिखाई देंगे। फिल्म को सिनेमैटोग्राफर प्रशांत दांडेकर ने ब्लैक एंड व्हाइट में शूट किया है।

# स्टाइलिश कलाई वाली घड़ियां हर महिला के पास होनी चाहिए, मिलेगा बेहतरीन लुक

फैशन एसेसरीज में से एक कलाई में पहने जाने वाली घड़ी यानी रिस्टवॉच आपके लुक में एक अलग चमक जोड़ती है। महिलाओं के लिए आजकल बाजार में कई पैटर्न और डिजाइन की घड़ियां उपलब्ध हैं, लेकिन बेहतर घड़ियों के चयन को लेकर उलझ बनी रहती है। ऐसे में आइए जानते हैं कि हर महिला के पास कौन-कौनसी घड़ियां होनी चाहिए, जो उनके लुक को और बेहतर बना सकती हैं।



### लेदर बैंड वाली घड़ी

सबसे क्लासिक घड़ियों में से एक लेदर बैंड वाली घड़ी कभी भी स्टाइल से बाहर नहीं होती और फॉर्मल के साथ कैजुअल अवसरों पर भी पहनी जा सकती हैं। कई लेदर बैंड वाली घड़ियां विभिन्न रंग की स्ट्रेप्स के साथ आती हैं और आप उन्हें अपने पहनावे के अनुसार बदल सकते हैं। हालांकि, इन घड़ियों को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए नमी या सीधे पानी के संपर्क में आने से बचना चाहिए।

### मेटल बैंड वाली घड़ी

हर महिला के पास एक मेटल बैंड वाली घड़ी भी जरूर होनी चाहिए। यह अधिक टिकाऊ होने के साथ स्टाइलिश लुक भी देती है। आमतौर पर इसके बैंड स्टेनलेस स्टील से बने होते हैं और सिल्वर, रोज गोल्ड या गोल्ड रंगों में उपलब्ध होते हैं। सिल्वर बैंड वाली घड़ी को कैजुअल और फॉर्मल वियर के साथ पहना जा सकता है, जबकि रोज-गोल्ड और गोल्ड बैंड वाली घड़ी ट्रेडिशनल वियर के साथ खूब जंचती है।

### स्मार्टवॉच

सबसे ट्रेंडी और सुपर-कूल घड़ियों में से एक स्मार्टवॉच महिलाओं और पुरुषों दोनों पर ही अच्छी लगती हैं। ये रेगुलर वॉच से ज्यादा अच्छी लगती हैं और स्पोर्टी लुक देती हैं। ये समय दिखाने के अलावा, नेविगेशन, कॉलिंग, स्लिप ट्रैक करने, आपके कदमों की गिनती करने और ऑक्सीजन स्तर की जांच करने जैसी सुविधाएं भी देती हैं। ये रिस्टवॉच फिटनेस फ्रिक लोगों के लिए एकदम सही है।

### बैंगल्स रिस्टवॉच

बैंगल्स या ब्रेस्लेट रिस्टवॉच उन महिलाओं के लिए एकदम सही हैं, जो चूड़ियों के साथ घड़ी पहनना ज्यादा पसंद करती हैं। ये रिस्टवॉच लगभग हर आउटफिट के साथ अच्छी लगती हैं, खासकर ट्रेडिशनल वियर के साथ। आप गोल्ड रंग और मोती या नग के डिजाइन वाली रिस्टवॉच का चयन कर सकती हैं। क्लासिक स्टेटमेंट लुक के लिए ये रिस्टवॉच शादी में पहनने के लिए भी एक बेहतरीन एक्सेसरी है।

### क्रोनोग्रफ रिस्टवॉच

ये रिस्चवॉच फन, बोल्ड और स्टाइलिश लुक देने में काफी मदद कर सकती हैं। ये स्टॉपवॉच के साथ डिस्प्ले वॉच के रूप में आती हैं। इन रिस्टवॉच में कई सब-डायल होते हैं, जो सेकंड, मिनट, घंटे और सेकंड के दसवें हिस्से को मापते हैं। इन रिस्टवॉच को कभी भी शुरू किया जा सकता है, रोका जा सकता है और शून्य पर भी लौटाया जा सकता है। ये फंक्शनेलटी और स्टाइल का सही मिश्रण हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### जनादेश का सम्मान, जनता की आवाज बनकर जनहित के लिए काम करते रहेंगे : साव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने भानुप्रतापपुर उपचुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह कांग्रेस की अनैतिक जीत है। नैतिक तौर पर कांग्रेस हार गई है। कांग्रेस ने चरित्र हत्या और सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर उपचुनाव तो जीत लिया। लेकिन स्पष्ट हो गया कि आदिवासी समाज अब कांग्रेस का साथ छोड़ता जा रहा है। आदिवासी समाज ने कांग्रेस का दावा खोखला साबित कर दिया है। चुनाव में भाजपा और निर्दलीय आदिवासी प्रत्याशी को जितने वोट मिले उतने वोट कांग्रेस प्राप्त नहीं कर पाई। यह स्पष्ट करता है कि कांग्रेस के विकास के दावों में सच्चाई नही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस आदिवासी आरक्षण के नाम पर भ्रमित करने के बाद भी आदिवासी समाज का भरोसा नहीं जीत पाई। कांग्रेस की चारित्रिक हार तो प्रचार के दौरान ही हो गई थी। भानुप्रतापपुर उपचुनाव के परिणाम बता रहे हैं कि कांग्रेस की नैतिक हार हुई है। यह कांग्रेस की नहीं विशुद्ध सहानुभूति और कांग्रेस के अलोकतांत्रिक हथकंडों की जीत है। कांग्रेस ने प्रशासनिक अनैतिकता से आदिवासियों का हक छीना है।

### मुख्य सचिव ने की धान खरीदी की समीक्षा

**राजनांदगांव।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने धान खरीदी के संबंध में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। इस अवसर पर कलेक्टर श्री डोमन सिंह उपस्थित रहे। मुख्य सचिव श्री जैन को कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने बताया कि जिले में विगत वर्ष 85 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी का कार्य किया गया था। इस वर्ष राज्य शासन द्वारा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये राजनांदगांव जिले में 5 नवीन धान उपार्जन केन्द्र झिंझारी, भोथली, कौहाकुड़ा, चिरचारीकला, मनकी में प्रारंभ किया गया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा जिले में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान मनकी उपार्जन केन्द्र की घोषणा की गई थी, जिसे शासन द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। माध्यम से धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ की पहचान बनाएं युवा गौरव-महापौर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**राजनांदगांव ।** जिला स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ आज महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि अब जिम्मेदारी हमारे युवा गौरव की है कि अपने छत्तीसगढ़ की पहचान सिर्फ छत्तीसगढ़ में ही नहीं वरन पूरे भारत में अपनी पहचान है। स्वामी विवेकानंद के उद्धरण का स्मरण करते हुए उन्होंने युवाओं से कहा कि जागो, उठो और आगे बढ़ो, जब तक तुम्हें लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो जाती। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं छत्तीसगढ़ के खेल और इसकी पहचान के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लगातार प्रयास कर रहे हैं। हम अपनी पहचान कायम रखें और अपनी संस्कृति को जीवित रखें। पहली बार छत्तीसगढ़ में ऐसा उत्सव मनाया जा रहा है, जिससे छत्तीसगढ़ की पहचान बन रही है। बासी हमारे रगों में दौड़ रहा है। ऐसा नहीं कि बासी सिर्फ छत्तीसगढ़ में खाते हैं। छत्तीसगढ़ की बासी को अभी पहचान मिली। इस उत्सव के माध्यम से खो-खो, गिल्ली डंडा खेलने को मिल रहा है। सुआ, करमा, आदिवासी लोक नृत्य यह हमारी पहचान है। यह कार्यक्रम वार्ड, ग्राम पंचायत, विकासखंड, जिला, संभाग, राज्य स्तर तक जाएगा। अमेरिका तक भी छत्तीसगढ़ी संस्कृति पहुंची है। युवाओं की प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिये युवा महोत्सव के माध्यम से तथा खेलों को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढिया ओलम्पिक तो रामायण मंडली प्रतियोगिता के माध्यम से राम का ननिहाल और कौशिल्या की जन्मभूमि व छत्तीसगढ़ की संस्कृति संरक्षित किया जा रहा है। जिला स्तरीय युवा महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन किया गया। जिला स्तरीय युवा उत्सव के पहले दिन ऊर्जा एवं स्फूर्ति एवं तेज गति से पंथी नृत्य तथा उल्लास से भरपूर राउत नाचा की प्रस्तुति मोहक रही। एकल गायन एवं वादन, पंथी नृत्य, राउत नाचा, एकांकी नाटक, चित्रकला, डंडा नृत्य, कर्मा नृत्य, पारंपरिक वेशभूषा की प्रतियोगिता हुई। खेल प्रतियोगिता में कमला कॉलेज मैदान में कबड्डी, ठाकुर प्यारे लाल स्कूल में खो-खो, फुगड़ी, भौंरा, गेंड़ी, कुश्ती की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अरूण वर्मा, सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग श्री ए एक्का, नोडल अधिकारी खेल श्रीमती उषा चटर्जी एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित थे। जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन में शास्त्रीय गायन एकल में विकासखंड डोंगरगढ़ के श्री मुकेश कुमार हडगे, गिरीश, डोंगरगांव विकासखंड के हिमांशु साहू, राजनांदगांव विकासखंड के निश्चय बंसोड़ ने भाग लिया। बांसुरी वादन में छुरिया विकासखंड के श्री कविलाश, तबला वादन में डोंगरगांव विकासखंड के श्री हिमांशु साहू, छुरिया विकासखंड के पवन यादव व साथी, डोंगरगांव विकासखंड के पवन कुमार व साथी ने हिस्सा लिया।

# सुरक्षा, विकास और विश्वास के ध्येय पर बढ़ रहा सुकमा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सुकमा। संवेदनशील क्षेत्रों में ग्रामीणों को सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शासन प्रशासन द्वारा सुरक्षा कैम्प की स्थापना से बिते कुछ वर्षों में नक्सल गतिविधियों को बहुत अंदर तक सीमित कर दिया है। एक ओर जहां कैम्प की स्थापना से ग्रामीणों को निश्चित रुप से सुरक्षा मिली है, तो वहीं समय समय पर सुरक्षा बलों द्वारा क्षेत्र में सिविक एक्शन प्रोग्राम से ग्रामीणों का प्रशासन और सुरक्षा बलों के प्रति विश्वास बढ़ा हैं।**



पूर्व में जहां ग्रामीण जवानों से भयभीत होते रहे, आज किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान के लिए वे कैम्प का रुख करते हैं। सिविक एक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत सीआरपीएफ सहित अन्य सुरक्षा टुकड़ियां ग्रामीणों के मध्य जाकर उन्हें रोजमर्रा के आवश्यक वस्तओं के साथ ही कपड़े, बर्तन आदि प्रदान करते है। यह इस बात को दर्शाता है कि ग्रामीणों की हर संभव मदद के लिए सुरक्षा जवान तत्पर और संकल्पित हैं। दूर प्रदेशों से घोर वनक्षेत्र में पदस्थ इन जवानों के सेवा भाव को ग्रामीण भी पूरे मन से स्वागत करते हैं।

इसी अनुक्रम में श्री राजीव कुमार ठाकुर पुलिस उप महानिरीक्षक कन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कोन्टा रेंज के मार्गदर्शन एवं श्री नरेन्द्र पाल सिंह, पी0एम0जी0 50 बटालियन के.रि.पु. बल एवं श्री जुन ए0 कमाडेंट 202 कोबरा बटालियन के निर्देशन में डी एवं ई/50 वी वाहिनी द्वारा डब्बाकोंटा कैम्प मे सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

सिविक एक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न विकास योजनाओं एवं उनके लाभों के बारे में अवगत कराया गया और ग्रामीणों को दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं जैसे रेडिया, पैन, पैसिल, स्कूल बैग, स्कैच पैन, रजिस्टर, दवाईयां, सोलर स्ट्रीट लाईट एवं वाटर सटोरेज टैंक इत्यादि का वितरण किया गया। साथ ही नारियल, अमरूद, केला, पपीता, निंबु का फलदार पौधे भी ग्रामीणों को वितरण किया गया। इसके साथ ही मेडिकल कैम्प लगाकर डब्बाकोंटा स्थित ग्रामीणों की आम बीमारिया जैसे सर्दी, खांसी, बुखार, उच्च रक्तचाप, बदन दर्द, जोड़ो में दर्द, पुराना घाव / जरून, गले में खराब तथा मलेरिया जैसी बीमारियों का उपचार कर दवाईयां वितरित की गई। और मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिये सावधानी बरतने हेतु ग्रामीणों को जागृत किया गया। इस अवसर पर केरिपुबल के अन्य अधिकारी एवं अधिनस्थ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस आयोजन में आस-पास के सभी ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिससे स्पष्ट होता है कि इस इलाके में ग्रामीणों में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। आम नागरिक और सुरक्षा बल के बीच अच्छे सम्बंध विश्वास स्थापित हो रहा है।

# नि :शुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। रिलायंस फाउंडेशन और पशु चिकित्सा विभाग खोरपा के सहयोग से ग्राम खोरपा में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। तथा पशुओ का चिकित्सा किया गया । इस शिविर में रिलायंस फाउंडेशन से चंद्रप्रकाश हालदार (डिस्ट्रिक्ट मैनेजर) तथा खोरपा के पशु चिकित्सालय से डॉ निराज टंडन और उनके सभी प्रमुख सहयोगी उपस्थित थे।**

किसानों को पशुओं में लगने वाले विभिन्न रोग की जानकारी अपूर्ण थी। किसान अपने पशुओं को रोगो से बचाने के लिए डॉ से सलाह ली। एव बैल पशुओ को बधियाकरण करवाये और पशु पालकों को पशुओ की देखभाल करने की पूरी जानकारी दी गई । उन्होंने पशु पालकों को अनेक रोगो के बारे में अवगत कराया कि पशुओ में लगने वाले अधिक्तर रोग जीवाणु, कवक, या वायरस तथा मक्खियों के द्वारा फैलता है। एव पशुओं को पीने के लिए स्वच्छ पनी देना है।एव अनेक रोगों के लक्षण बताते हुए कहा यदि किसी पशु में ये रोग दिखता है तुरंत ही पशुओ का इलाज करवाये। एवं हमे तुरंत जानकारी दे । साथ ही जिस पशु में रोग दिखा उसे एंटीबायोटिक पाउडर या एंटीबायोटिक इंजेक्शन भी लगाया गये।

# वाहन चालन कौशल में वृद्धि और सुरक्षित यातायात के लिए काफी मददगार साबित हो रहा आईडीटीआर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ में वाहन चालन कौशल में वृद्धि और सुरक्षित यातायात के लिए नवा रायपुर में संचालित इंस्टिट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च संस्थान काफी मददगार साबित हो रहा है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा गत वर्ष 9 दिसम्बर 2021 को परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में इसका शुभारंभ हुआ था।**



संस्थान में अब तक एक वर्ष की अवधि में 12 हजार से अधिक प्रशिक्षु वाहन चालन तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े हुए नियमों का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। परिवहन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन एवं मारुती सुजुकी इंडिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में संचालित इंस्टिट्यूट ऑफ़ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च संस्थान में आधुनिकतम तकनीक का इस्तेमाल करते हुए 20 एकड के क्षेत्रफल में विशेष ड्राइविंग ट्रैन से ड्राइविंग प्रशिक्षण देने की योजना कार्यान्वित हुई। उल्लेखनीय है कि 9 दिसंबर 2022 इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च, नवा रायपुर सीजी का पहला स्थापना दिवस है। परिवहन विभाग छत्तीसगढ़ और मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड का एक संयुक्त उद्यम नवा रायपुर में 19 करोड़ के कुल निवेश के साथ सार्वजनिक निजी भागीदारी मोड के तहत स्थापित किया गया है। अत्याधुनिक, वैज्ञानिक रूप से डिजाइन किया गया ड्राइविंग प्रशिक्षण स्कूल बेहतर रोजगार के लिए सड़क सुरक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए यह संस्थान स्थापित है।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2021 में राष्ट्रव्यापी मृत्यु दर में 16.8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई यानी 133201 से 155622 हो गई। छत्तीसगढ़ राज्य में भी मृत्यु दर में वृद्धि देखी गई और वर्ष 2021 में सड़क दुर्घटनाओं में 5375 मौतें हुईं। दुर्घटनाओं की संख्या सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु की तुलना में लगभग 3 गुना थी। सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए आईडीटीआर छत्तीसगढ़ जैसी मॉडल ड्राइविंग प्रशिक्षण सुविधा की सख्त जरूरत थी और इसकी स्थापना की गई।

विजन जीरो दुर्घटनाओं के साथ, सड़क सुरक्षा शिक्षा के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक आईडीटीआर ने अपना संचालन शुरू किया और नौसिखियों और अनुभवी ड्राइवरों दोनों को प्रशिक्षण प्रदान किया। आईडीटीआर ने अपने संचालन के पहले वर्ष में लगभग 12000 ड्राइवरों को प्रशिक्षित किया है। 72 प्रतिशत दुर्घटनाएं अनुभवी ड्राइवरों द्वारा की जाती हैं और इस प्रकार परिवहन विभाग द्वारा भारी वाहन चालक को प्रशिक्षित करने के लिए एक निर्देश जारी किए गए थे, जिनके पास सड़क यात्रा पर अधिकतम जोखिम है। संस्थान के रिफ्रेशर प्रशिक्षण में भाग लेने वाले 10 हजार से अधिक भारी मोटर वाहन चालकों को रक्षात्मक ड्राइविंग तकनीकों, खतरनाक परिस्थितियों में ड्राइविंग, सड़क संकेत और सिग्नल, प्राथमिक चिकित्सा और सड़क दुर्घटनाओं की स्थितियों को संभालने, एचआईवी एड्स पर जागरूकता और सबसे महत्वपूर्ण रूप से नए मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों तथा जुर्माना और दंड पर शिक्षित किया गया।

# स्कूल शिक्षा मंत्री ने घाट पेंडारी का अवलोकन कर दुर्घटना से बचने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर। स्कूल शिक्षा एवं सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने प्रतापपुर विकासखंड के ब्लैक स्पॉट घाट पेंडारी पहुंचकर दुर्घटनाजनित स्थल का अवलोकन किया एवं दुर्घटना से बचने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने बताया कि वर्तमान में घाट पेंडारी में लोक निर्माण विभाग सूरजपुर द्वारा रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया जा रहा है। रिटेनिंग वॉल के बन जाने से घाट पेंडारी पर हो रही दुर्घटना में कमी आएगी।**



कलेक्टर ने बताया कि लोक निर्माण विभाग वाड्रफनगर द्वारा इस मार्ग को केंद्रीय सड़क निधि अंतर्गत प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजी गई है जिससे घाट पेंडारी में घाट कटिंग एवं फिलिंग का प्रावधान कर कोड्रियेंट मिलाते हुए रोड कैरिजवे 7 मीटर से 10 मीटर कैरिजवे किया जाएगा, जिससे घाट पर हो रहे दुर्घटना में कमी आएगी। उन्होंने बताया कि इस मार्ग में पडने वाले वन परिक्षेत्र का वन व्यपवर्तन कराकर कार्य किया जाएगा। साथ ही अंबिकापुर बनारस मार्ग का सीजी आरआइओसीएल योजना अंतर्गत लोक निर्माण विभाग वाड्रफनगर द्वारा 17.40 किलोमीटर नवीनीकरण कार्य कराया जा रहा है। मंत्री डॉ टेकाम ने दुर्घटना को रोकने किनारे में रेलिंग लगाने एवं अन्य सुविधा उपलब्ध कराने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम श्रीमती दीपिका नेताम, मंत्री प्रतिनिधि कुमार सिंह देव, पीएचई कार्यपालन अभियंता समर सिंह, सीईओ जनपद पंचायत मोहम्मद निजामुद्दीन एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सहकारिता मंत्री डॉ. टेकाम ने धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। स्कूल शिक्षा एवं सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने आज सूरजपुर जिले के विकासखंड प्रतापपुर के चंदोरा धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने खरीदी केंद्र में किए गए व्यवस्थाओं का अवलोकन किया एवं धान उठाव कार्य में गति लाने एवं किसानों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।**

मंत्री डॉ. टेकाम ने धान की गुणवत्ता का अवलोकन किया और नमी मापक यंत्र से धान की नमी का जांच भी किया। उन्होंने धान खरीदी के दौरान धान की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को भी धान को साफ और सुखाकर लाने की समझाईश दी। डॉ. टेकाम ने स्टेकिंग कार्य का अवलोकन किया और व्यवस्थित रूप से स्टेकिंग करने के निर्देश दिए। डॉ. टेकाम ने अपने समक्ष धान तौल भी कराया एवं तौल सही पाया गया। उन्होंने मौसम को देखते हुए पर्याप्त कवर कैप की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से चर्चा कर भुगतान की जानकारी ली किसानों ने भुगतान में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने की बात कही। मंत्री डॉ. टेकाम ने कहा कि आने वाले समय में धान उपार्जन केन्द्रों में धान की आवक में बढ़ोत्तरी होगी। इसे ध्यान में रखते हुए सभी उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी कार्य व्यवस्थित रूप से किया जाए। उ

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshi n ga ngotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### ग्राहक बनकर ज्वेलरी दुकान में घुसा चोर, दिखाई हाथ की सफाई दूसरे दिन हुआ गिरफ्तार

**मनेन्द्रगढ़।** छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़ की एक ज्वेलरी दुकान में ग्राहक बनकर पहुंचे चोर ने हाथ की सफाई दिखाई, लेकिन उसकी होशियारी ज्यादा दिनों तक काम नहीं आई। ज्वेलरी दुकान संचालक की शिकायत के बाद दुकान के सीसी टीवी फुटेज से चोर की पहचान हुई और आरोपी को दूसरे दिन ही गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं चोर के पास से चोरी के सभी जेवर भी बरामद कर लिए गए। बता दें फव्वारा चौक मनेन्द्रगढ़ निवासी शैलेन्द्र सोनी ने 7 दिसंबर की शाम को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि बृजवासी ज्वेलर्स नाम से उनकी दुकान है। 7 दिसंबर सुबह 11 बजे एक शख्स पहुंचा और सोने का झुमका, लाकेट तथा टॉप्स दिखाने कहा। इस दौरान दुकान से उसको सामान दिखाने लगा। डिब्बे में 04 नग पैकेट अलग अलग पन्नी में सोने का आभूषण रखा था। ग्राहक सामान देखने के बाद चला गया। कुछ देर बाद देखने से पता चला कि एक प्लास्टिक के पैकेट में रखा सोने का झुमका 1 जोडी, सोने का लाकेट 14 नग, टॉप्स 4 जोड़ी गायब था।

सीसी टीवी फुटेज से पता चला कि लाकेट खरीदने आने वाले शख्स ने ही बड़ी ही सफाई से सामान चुरा लिय। चोरी गए आभूषण की कीमत लगभग 1 लाख 45000 रुपए के करीब है। शिकायत के बाद पुलिस ने फुटेज के आधार पर चोर की पहचान की और शेर खान नाम के शख्स को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के पास से दुकान में चोरी किया गया सोने का झुमका, लाकेट, टॉप्स कीमती 1 लाख 45 हजार रुपए बरामद किया गया।

### गाली-गलौच के लिए मना करने पर चाकू मारा, 3 गिरफ्तार

**रायपुर ( ए )।** रायपुर पुलिस ने युवक द्वारा गाली-गलौच के लिए मना करने पर चाकू मारने वाले युवा कांग्रेस नेता समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान रोशन सिंह, राहुल कुमार सिंह और प्रभाकर झा के रूप में की है। झा प्रदेश युवा कांग्रेस से जुड़ा हुआ है। पुलिस ने बताया कि बुधवार की देर रात प्रार्थी जुनैद हसन अपना जन्मदिन होने से दोस्तों के साथ रात में खाना खाने मन्नत होटल बैजनाथपारा गया था। जब प्रार्थी अपने दोस्तों के साथ खाना खा रहा था तब सामने वाले टेबल में आरोपी भी ली गलौच करते हुए खाना खा रहे थे। जब पीड़ित ने मना किया तब युवा कांग्रेस नेता ने प्रार्थी को कांच के ग्लास से फेंक कर मारा जिससे उसके चेहरे एवं कान के पास चोट लगी। प्रार्थी ने जब पूछा कि क्यों मार रहे हो तब आरोपियों ने अश्लील गाली गलौच करते हुए उसके साथ मारपीट कर अपने पास रखें चाकू से प्रार्थी के जांघ में मारकर मौके से फरार हो गये थे।

# मछली मारने के दौरान करंट से युवक की मौत, घबराए दोस्तों ने नाले में छिपा दी लाश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** मछली मारने गए तीन दोस्तों में से एक की मौत करंट लगने से हो गई। युवक की मृत शरीर को देखकर बाकी दोनों लड़के घबरा गए और युवक के परिजनों को सूचना देने की बजाय लाश को नाले के पाइप में छिपा दिया। जब देर रात तक युवक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने बेटे के साथ गए उसके दोस्तों से सख्ती से पूछना चालू किया। इस बीच पुलिस को भी सूचना दी गई। जब पुलिस आई तो एक नाबालिग ने पूरे घटनाक्रम के राज को खोल दिया। पुलिस ने मृतक के शव को बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना बिलासपुर जिले के सीपत थाना क्षेत्र की है।





### परिजनों को किया गुमराह

पुलिस ने बताया कि एक नाबालिग को पकड़ लिया गया है। वहीं उसके फरार दोस्त की तलाश की जा रही है। मृतक ग्राम बरेली में रहने वाला सुनील केंवट (24) रोजी-मजदूरी करता था। बुधवार की सुबह उसका दोस्त मधुर सिदार और एक अन्य साथी उसके घर आए थे और उसे मछली मारने के लिए नाले की तरफ लेकर गए थे। युवकों ने घर से एक बोरी में बिजली तार भी भरकर ले गए थे। दोपहर को मधुर सिदार और उसका दोस्त बोरी में बिजली तार लेकर सुनील के घर छोडने गए। इस पर सुनील के पिता बहोरन केंवट ने उनसे पूछताछ की, तब उन्होंने बताया कि सुनील उन्हें छोड़कर गायब हो गया है।

### ऐसे बताई सच्चाई

सुनील के दूसरे नाबालिग दोस्त ने परिजन को पूछताछ में सच्चाई बता दिया। उसने बताया कि मछली मारते समय करंट लगने से सुनील की मौत हो गई। इसके बाद वे घबरा गए और उसकी लाश को घसीटकर 400 मीटर दूर नाले के पाइप में ले जाकर छिपा दिया और दोनों घर आ गए। देर शाम नाबालिग की निशानदेही पर परिजनों ने सुनील की लाश को बरामद किया। पुलिस ने पूछताछ के बाद नाबालिग और मधुर सिदार के खिलाफगैरइरादतन हत्या और साक्ष्य छिपाने के आरोप में केस दर्ज किया है।

# स्कूल में डांस प्रैक्टिस कर रही 8वीं की छात्रा की मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर ( ए )।** राजधानी रायपुर के आजाद चौक थाना क्षेत्र में संचालित एक निजी स्कूल में वार्षिकोत्सव की तैयारी में जुटी छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। स्कूल प्रबंधन ने छात्रा को उपचार के लिए पचपेड़ी नाका स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत छात्रा 8 वीं कक्षा में पढ़ाई कर रही थी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार निजी स्कूल का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव 21 दिसंबर से शुरू होना है। इस वार्षिकोत्सव में डांस प्रतियोगिता में आठवीं की छात्रा ने पार्टीसिपेट किया था। छात्रा डांस प्रतियोगिता की मंगलवार की दोपहर को 1:30 बजे प्रैक्टिस कर रही थी। खाना खाने के बाद वो अपने साथियों के साथ दोबारा प्रैक्टिस करने आई और गश खाकर गिर पड़ी। छात्रा की सहेलियों ने स्कूल प्रबंधन को जानकारी दी, तो प्रबंधन ने कर्मचारियों और छात्रों की मदद से उसे परिसर में स्थित उसके हॉस्टल में भेज दिया।

### अस्पताल में तोड़ा दम

मंगलवार की रात भर छात्रा को स्कूल प्रबंधन प्राथमिक उपचार देते रहे। बुधवार की सुबह ज्यादा तबीयत खराब होने पर निजी अस्पताल शिक्षक लेकर पहुंचे, लेकिन उपचार से पहले छात्रा ने दम तोड़ दिया। छात्रा के साथियों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन छात्रा को मंगलवार की रात को भर्ती करा देता, तो उसकी जान बचाई जा सकती थी। घटना के बाद स्कूल प्रबंधन ने मीडिया से दूरी बना ली है।

# चार साल के मासूम बेटे को जमीन पर पटक कर मारा, मिली आजीवन कारावास की सजा





**भिलाई।** सौतेले बेरहम पिता ने अपने ही चार साल के मासूम बेटे को जमीन पर पटक कर मार डाला। बेटे के हत्यारे इस पिता को दुर्ग कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला सत्र न्यायाधीश संजय कुमार जायसवाल के न्यायालय में सुनाया गया। मामला नेवई थाना क्षेत्र का है। लोकअभियोजक बालमुकुंद चंद्राकर ने बताया कि 29 फरवरी 2020 को बस्ती सतनाम भवन के पास रहने वाली सलमा बेगम ने नेवई थना में शिकायत की थी।

### जमीन पर पटक दिया था

मां ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह अपने चार साल के बच्चे के साथ किराए के मकान में रहती थी। रात 11 बजे उसका दूसरा पति विजय बराल (28 वर्ष) घर आया और उसका बेटा सलमान को गाली देने लगा। सलमा बेगम ने उसे मना करते हुए कहा कि 4 वर्ष का बच्चा क्या जानता है कि उसे गाली दे रहे हो। इस पर विजय और गुस्से में आ गया। घर में रखे बांस के डंडे से उसके सिर पर प्रहार कर दिया। इसके बाद उसे तीन चार बार जमीन पर पटक दिया। जिससे बच्चा बेहोश हो गया।

### पत्नी पर भी किया हमला

जब मां सलमा ने उसे बचाने की कोशिश की तो उसके सिर पर जर्मन की कढ़ाई से वार कर उसे भी घायल कर दिया। इसके बाद मौके से भाग गया। इधर बच्चे को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 302, 323 के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। जांच के बाद पुलिस ने न्यायालय में चालान पेश किया।

# सीजी का ठरकी हेडमास्टर: छात्राओं से करता था गंदी हरकतें, पुलिस तक पहुंची शिकायत, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** जिले के शिक्षक ने ठरकीपने की सारी हदें पार कर दी। शिक्षक यहां पूर्व माध्यमिक शाला मुलमुला का ही हेडमास्टर है जो छात्राओं पर गंदी नजर रखता था। यहां तक की छात्राओं से अश्लील हरकतें करने से भी बाज नहीं आता था। छात्राओं से अश्लील बातें करना तो उसकी राज की आदत में शुमार था। हेडमास्टर से परेशान छात्राएं थाने पहुंची और शिकायत दर्ज करा दी। अब ठरकी हेडमास्टर पुलिस की गिरफ्त में है।



मिली जानकारी के अनुसार हेडमास्टर का मनोज पाटले (34) है। छात्राओं का आरोप है कि हेडमास्टर पाटले छात्राओं से गंदी गंदी बाते करता रहता है और गलत हरकतें करता रहता है। छात्राओं को यहां वहां छूना और गंदी बातें करना उसकी आदत बन गई थी। छात्राओं का कहना था कि मना करने के बाद हेडमास्टर अपनी हरकतों से बाज नहीं आता था। छात्राओं की शिकायत मुलमुला पुलिस ने हेडमास्टर के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

### फेल करने की धमकी देता था हेडमास्टर

छात्राओं का आरोप है कि हेडमास्टर घर में बताने या पुलिस में शिकायत करने पर फेल करने की धमकी देता था। इसलिए वे घर में परिजनों को इसकी जानकारी नहीं दे सकी। इसके बाद हेडमास्टर का हौसला और बढ़ गया। हेडमास्टर मनोज पाटले कवर्धा का रहने वाला है और बिलासपुर के मुलमुला रोज आनाजाना करता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 354 व पॉक्सों एक्ट के साथ अन्य धाराओं में कार्रवाई की है।

# अवैध प्लॉटिंग पर सख्ती, निगम की शिकायत पर जामुल में पांच लोगों पर एफआईआर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई निगम के जोन 2 के अतर्गत अवैध प्लाटिंग के मामले में जामुल पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। इस मामले में भिलाई निगम के जोन 2 के राजस्व अधिकारी जेपी तिवारी की शिकायत पर स्मृति नगर निवासी पारस जैन, आनंद जैन, शालू जैन, लीना जैन एवं अर्चना जैन खिलाफ धारा 292 (ग) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।




बता दें उक्त पांचों पर ग्राम कुरुद प.ह.न. 19(अ) खसरा क्रमांक 1332/1, 2, 4, 6, 7, 8, 12, 16 1327, 1328/2, 1345, 1357, 1358 1346/1 प्रगति नगर, ढांचा भवन सांई मंदिर के पास अवैध प्लाटिंग कि शिकायत मिली थी। इस संबंध में राजस्व अधिकारी जेपी तिवारी ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि निगम द्वारा उक्त भूमि का कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण नियम 2013 कें अंतर्गत अभिन्यास स्वीकृति नहीं किया गया है न ही संबंधित भूस्वामियो को कलोनाईजर लायसेंस जारी किया गया है।

कुरूद स्थित खसरा नंबर 1332 का वर्तमान में 1332/1 से 1332 / 120 यानी कुल 120 बंटाकन हो चुके है। भूमि स्थल प्रगति नगर, ढांचा भवन सांई मंदिर के पास भूस्वामियों द्वारा अवैध रूप से 2 नवंबर 2020 से अभी तक इन पांचों ने अवैध रूप से प्लांट काटकर विभाजित कर बेच दिया। जांच में पाया गया कि संलग्न रजिस्ट्री पेपर के अवलोकन से स्पष्ट है कि भूस्वामियों द्वारा भूमि को भूखण्डों में विभाजित कर विक्रय किया गया है। इस मामले में पारस जैन, आनंद जैन, शालू जैन, लीना जैन एवं अर्चना जैन पर अपराध दर्ज किया गया है।

### ऑनलाइन ठगी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार-भाटापारा ( ए )।** पुलिस को ऑनलाइन ठगी करने वाले आरोपियों को लेकर बड़ी सफलता मिली है। झारखंड राज्य के गिरोह के 2 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी खुद को बैंक का अधिकारी बताकर घटना को अंजाम दे रहे थे। दोनों आरोपी मोबाइल फोन पर जानकारी मांगते हुए ओटीपी नंबर हासिल कर रकम निकाल रहे थे।

अब तक 1,10,000 रूपए फर्जी तरीके से आरोपियों द्वारा निकाली गई है। थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस ने झारखंड राज्य में कैंप कर आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों की गिरफ्तारी में झारखंड, जिला देवघर के थाना पथरौल पुलिस स्टाफ का भी सहयोग रहा है।

# तहसील कार्यालय में ऑपरेटर ने ऑफिस के अंदर ही खा लिया चूहा मार दवा, बेहोश होते ही मचा हड़कंप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** जिले के डोंगरगांव शहर के तहसील कार्यालय में कार्यरत भुंइयां शाखा के ऑपरेटर ने ऑफिस के अंदर ही चूहा मार दवाई खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। कर्मचारी को अचेत अवस्था में देख ऑफिस में हड़कंप मच गया, उसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी हालत फिलहाल सामान्य बताई जा रही है।



### अचेत अवस्था में अस्पताल में कराया भर्ती

इस मामले में तहसीलदार कोमल ध्रुव ने बताया कि चुरामणि साहू भुइंया ऑपरेटर तहसील कार्यालय में काम करता है। गुरुवार को करीब साढ़े 9 से 10 बजे के बीच चूहा मारने की दवा खा लिया था। घटना की जानकारी लगते ही उसे उल्टी भी करवाया गया था। इस दौरान वह अचेत अवस्था में था। जिसे तत्काल प्राथमिक उपचार बाद राजनांदगांव के निजी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उपचार बाद राहत और हालत में सुधार बताया है।

मिली जानकारी के अनुसार सुसाइड की कोशिश करने वाले कर्मचारी ने घरेलू परेशानियों के चलते उसने जहर सेवन किया था। फिलहाल इस मामले में जांच की जा रही है। हालत में सुधार होने के बाद कर्मचारी से भी पूछताछ की जाएगी।


भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### सरस्वती साइकिल योजनाः 50 छात्राओ को सभापति राजेश यादव ने किया वितरण

**दुर्ग।** नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत दीपक नगर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल। छत्तीसगढ़ सरकार में छात्राओं के लिए चल रही सरस्वती साइकिल योजना से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल दीपक नगर की छात्राएं लाभान्वित हुई। सरस्वती साईकिल योजनांतर्गत नगर निगम के सभापति राजेश यादव ने 50 छात्राओं को साईकिल वितरण किया। खुश होकर सभी छात्राओ ने मुख्यमंत्री भूपेश बधेल का आभार व्यक्त किया। सभापति राजेश यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य शासन छात्राओं के लिए सरस्वती साइकिल योजना चला रही है। सरस्वती साइकिल योजना के तहत 9 वीं कक्षा में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य वर्ग के बीपीएल परिवार की बालिकाओं को साइकिल दी जाती है। यह एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना है जो न सिर्फ बेटियों को स्कूल आने जाने में मदद करती है बल्कि बेटियों की शिक्षा की राह आसान हो जाती है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्रीमती मीना सिंह एल्डरमैन अजय गुप्ता,प्राचार्या शेफाली सोनी, श्रीमती मीना पाल श्रीमती बिंदु राजपूत श्रीमती मंजू सोनी श्रीमती वंदना चौहान श्रीमती खुशबू साहू मौजूद रहें। छात्राएं साइकिल पाकर बहुत खुश हुई। इनका कहना है इतनी दूर से आने जाने के लिए कोई साधन नही मिलता था। साइकिल मिलने से स्कूल आने में काफी सहूलियत होगी। समय की बचत होगी। जिससे हम और अधिक अच्छे से अध्ययन कर सकते है। इस कार्यक्रम के अवसर पर प्राचार्या श्रीमती शेफाली सोनी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### मैत्री विद्या निकेतन पाटन में क्रीड़ा उत्सव मनाया गया

**दुर्ग।** अंचल के प्रथम सर्व सुविधा युक्त स्कूल मैत्री विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल पाटन में गत दिवस क्रीडा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग थे। अध्यक्षता टी आर जगदल्ले बीईओ पाटन ने की। विशेष अतिथि देवेंद्र चंद्रवंशी उपाध्यक्ष जप पाटन,मधु वर्मा सदस्य जप,युवराज साहू अध्यक्ष एनएसयूआई पाटन,सजीव सुधाकरण प्रंबधक की गरिमामयी उपस्थिति में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभाओं को प्रस्तुत किया। विभिन्न प्रकार के खेलों का प्रदर्शन करने के लिए विद्यार्थियों को प्रशस्तिपत्र एवम् सिल्वर और गोल्ड मेडल से सम्मान अतिथियों के द्वारा प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष अशोक साहू ने खेल हमेशा खिलाड़ी भावना के साथ खेलना चाहिए।मैत्री विद्या निकेतन स्कूल विद्यार्थियों को एक सफल नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।पाटन विधानसभा का गौरव हमारे माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी है उसी तरह हमारे पाटन विधानसभा के विद्यार्थी भी हमारे पाटन का नाम हर क्षेत्र में रोशन करे। बीइओ जगदल्ले ने हमारे बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में पारंगत बनाने का कार्य शिक्षक एवं पालकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है जिसका हम सब को सहयोग करना चाहिए।जप उपाध्यक्ष चंद्रवंशी जी ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी खेलों में प्रथम,द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को बधाई दी साथ ही हार से जीत का रास्ता तय होने का गुण बतलाए। इस अवसर पर प्राचार्या डा संजीता थम्बी,प्राचार्या श्रीमती अंबली,अशोक यादव,शरद वर्मा,नरेश देवांगन,दिनेश साहू, लीलाधर वर्मा,मनीष देवांगन,सालिक साहू,मनोज साहू,किशोर साहू,धीरज जैन पालकगण,शिक्षकगण एवम् विद्यार्थी उपस्थित थे।

ऑनलाईन सिस्टम डेव्हलप करने पर दिया जोर

# प्रॉपर्टी टैक्स के उचित मूल्यांकन के लिए रैंडम चेकिंग करें अफसर- डॉ. तंबोली

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। कलेक्ट्रेट सभागार में संचालक डॉ तंबोली अय्याज फकीरभाई नगरीय प्रशासन एवं विकास की अध्यक्षता में नगर निगम के आयुक्तों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रॉपर्टी टैक्स वसूली, राजस्व वसूली, भवन अनुज्ञा, नीलामी, दरों में परिवर्तन अधोसंरचना संबंधित निर्माण कार्य को लेकर सघन चर्चा की गई।



इस अवसर पर डॉ तंबोली ने रेवेन्यू का प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यावहारिक समाधान को अपनी कार्यशैली में लाने की बात पर जोर दिया। उन्होंने समस्या के निदान के लिए समस्या का कारण जानने और उसके विकल्प तलाशने की बात कही। नागरिक सुविधा के दृष्टिकोण से ऑनलाइन सिस्टम डेवेलप करने की बात भी कही ताकि नागरिक घर बैठे ही सुविधाओं का लाभ ले सके। उन्होंने जर्जर हो चुके दुकानों के लीज़ को रिन्यूअल ना करने के आदेश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

प्रॉपर्टी टैक्स का मूल्यांकन हो क्रॉस चेक- डॉ तंबोली ने उपस्थित अधिकारियों को प्रॉपर्टी की रेगुलर मॉनिटरिंग और एसेसमेंट के लिए निर्देशित किया। उनका वक्तव्य था कि स्थल परीक्षण करने से वास्तविक स्थिति के साथ डाटा को क्रॉस चेक करने में सहायता मिलती है। इस प्रकार के रैंडम चेकिंग करने से प्रॉपर्टी टैक्स का सही आकलन कर सकते हैं। इससे निसंदेह प्रॉपर्टी टैक्स में बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे।

अलग-अलग साइज के हों प्लाट ताकि सभी आय वर्ग के लोग अपना घर बना सकें- डॉ तंबोली ने नगरीय निकाय द्वारा प्लॉटिंग किए जाने वाले प्लाटों को सुनियोजित लेआउट के आधार पर विकसित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अलग-अलग साइज के प्लॉट सभी वर्गों के लिए निर्धारित करने की बात कही। ताकि की सभी आय वर्ग के लोग अपनी सुविधा व आय अनुरूप प्लॉट का चयन कर सके। उन्होंने कहा मिक्स साइज प्लॉट से सभी श्रेणी के इनकम वालें आसानी से घरों के लिए निवेश कर सकेंगे। उन्होंने एरिया के अनुरूप ही जॉइन टीम बनाकर जमीन के लिए इंस्पेक्शन करने की बात भी कही ताकि सभी वर्गों की आवश्यकता का ध्यान रखा जा सके।

इसके अलावा बैठक में सड़क मरम्मत हेतु जारी राशि के विरूद्ध कार्य की प्रगति, आय बढ़ाने के साधन, निकाय की निर्मित परिसंपत्तियों से प्राप्त आय, 1.00 रू प्रतिफुट जमीन के संबंध में जारी दिशा-निर्देश अनुरूप प्राप्त भूमि, राजस्व वसूली हेतु किये गये प्रया /प्रस्ताव की अद्यतन स्थिति, अनाधिकृत भवन निर्माण के नियमितीकरण प्रक्रिया, ऑनलाईन बिल्डिंग परमिशन, एस. टी. पी. निर्माण की प्रगति, लीगेसी वेस्ट की अद्यतन स्थिति, भिलाई साडा के भूमि के संबंध में निविदा की प्रक्रिया, टाउन प्लानर की नियुक्ति और पी. एम. वाय. अंतर्गत निर्मित भवनों के आबंटन जैसे बिंदुओं पर भी चर्चा की गई।

भूपेश सरकार के जनहितैषी कामकाज पर जनता ने लगाई मुहर

# जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करने से ही मिलता है जनादेशः अरूण वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** भानुप्रतापपुर उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती सावित्री मंडावी की 21 हजार से भी अधिक मतों से प्रचंड जीत पर वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने उन्हें बधाई देते हुए भाजपा नेताओं पर तंज कसा है। वोरा ने कहा कि लगातार छत्तीसगढ़ के हितों के साथ समझौता करते हुए भाजपा की सरकार ने 15 वर्षों में युवाओं को अपने ही परंपरा से दूर करने का कृत्य किया।

लेकिन पिछले 4 वर्षों में राज्य में भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार आने के बाद सभी को एक बार फिर छत्तीसगढ़िया आन बान शान एवं गौरवशाली परंपरा का अहसास करीब से हुआ है। कृषि प्रधान राज्य में किसानों, मजदूरों, गरीबों को विभिन्न योजनाओं से मजबूती देने के अलावा भूपेश सरकार ने सर्वहारा वर्ग के हितों के लिए नीतियां बनाई हैं एवं कार्य किया है जिसका परिणाम भानुप्रतापपुर की जनता ने आशीर्वाद के रूप में स्व मनोज मंडावी जी की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री मंडावी जी को दिया है। सेवा जतन सरोकार के उद्देश्य से सरकार ने हर वर्ग के लिए काम किया है। वोरा ने कहा कि उपचुनाव सिर्फ ट्रेलर है राज्य की जनता भूपेश बघेल के कामकाज पर 2023 में मुहर लगाकर पूरी फिक्र दिखाएगी। आर्थिक रूप से जनसशक्तिकरण हो या फिर कल्याणकारी योजनाएं कांग्रेस ही एक मात्र विकल्प है। आने वाला समय राज्य एवं देश मे कांग्रेस का है आजादी से अब तक कांग्रेस पार्टी ने ही देश को सक्षम एवं नागरिकों को सशक्त बनाया है। हरित क्रांति, श्वेत क्रांति से लेकर आरटीआई, आरटीई, सभी नागरिक अधिकार कांग्रेस ने ही दिए है । छत्तीसगढ़ में भाजपा की दाल अब नहीं गलने वाली।

# 2956 युवाओं ने अग्निवीर बनने दिखाया कौशल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** सेना भर्ती रैली में युवाओं का अपूर्व उत्साह दुर्ग जिले में दिख रहा है। सेना भर्ती स्थल के पास बड़ी संख्या में युवा अपना कौशल दिखाने पहुंच रहे हैं। आज 4700 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था इसमें 2956 युवा भर्ती रैली में भाग लेने पहुंचे। इसके अलावा नर्सिंग अटेंडेंट की भर्ती प्रक्रिया 10 दिसंबर से 12 दिसंबर तक चलेगी।

उल्लेखनीय है कि इन युवाओं के रूकने और भोजन की व्यवस्था प्रशासन द्वारा कराई गई है और सारी व्यवस्थाओं की निरंतर मानिटरिंग कराई जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपसंचालक जनशक्ति नियोजन श्री राजकुमार कुर्रे ने बताया कि कंट्रोल रूम के माध्यम से युवाओं की सभी जिज्ञासाओं का समाधान किया जा रहा है। नोडल अधिकारी लगातार स्थिति की मानिटरिंग में लगे हुए हैं।



जहां भी किसी तरह की दिक्कत होती है समाधान के लिए तुरंत निर्देशित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा नियमित रूप से सेना भर्ती स्थल में पहुंच कर सुविधाओं का जायजा ले रहे हैं और नोडल अधिकारियों से लगातार व्यवस्था की जानकारी ले रहे हैं।

# सलाहकार समिति की बैठक : गरीब वृद्ध का बीपीएल राशनकार्ड बनाने के लिए निगम करेगा पहल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** ऐसे गरीब जिनकी आयु 60 पार है और राशनकार्ड नहीं बना है उनका राशनकार्ड बनाने विशेष पहल किया जाएगा। यह निर्णय रिसाली निगम के खाद्य विभाग प्रभारी सोनिया देवांगन की अध्यक्षता में हुई बैठक में ली गई। सलाहकार समिति के सद्स्यों ने कहा कि राशनकार्ड बनाने में लेन देन की शिकायत मिलने पर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही करने वे आयुक्त से अनुशंसा भी करेंगे।

खाद्य विभाग सलाहकार समिति के सद्स्यों ने कहा कि बहुत से लोग ऐसे है जिनकी आयु 60 पार हो चुकी है। वे अकेले या फिर पति-पत्नी रहते है। मजदूर कार्ड भी नहीं है।



वृद्धजनों को शासन की योजना राशनकार्ड का लाभ नहीं मिल रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि ऐसे हितग्राहियों का बीपीएल राशनकार्ड बनाने निगम खाद्य विभाग के अधिकारियों से बैठक कर पहल करेगा। बैठक में पार्षद सदस्य विनय नेताम, अनिल देशमुख, रंजीता बेनुआ, शीला नारखेड़े, पार्वती महानंद, हरिशचंद्र व राशनकार्ड प्रभारी जगरनाथ कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

राशनकार्ड बनाने के लिए आवेदन निगम कर्मचारी अब पार्षद या हितग्राही से ही लेंगे। अन्य व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा। पार्षद सद्स्यों का कहना था कि इससे व्यवस्था में सुधार होगा। साथ ही आर्थिक लेन देन की शिकायत पर अंकुश लगेगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि बीपीएल राशनकार्ड बनाने प्रस्तुत आवेदन की जांच सूक्ष्मता से की जाए। सत्यापन कार्य करने वाले कर्मचारी इस बात को अवश्य देखे कि आवास 1000 वर्ग फीट से कम जगह पर बना है कि नहीं। मजदूर कार्ड है कि नहीं। अगर हितग्राही किराए के झोपड़े में रहता है तो उससे किरायानामा अवश्य मांगे। दस्तावेज पूर्ण होने पर ही बीपीएल राशनकार्ड बनाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाए।

# भिलाई में भाजपा ने शुरू की शंखनाद पदयात्रा, सभी 70 वार्डों का करेंगे भ्रमण

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई के अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया के नेतृत्व में शुक्रवार से शंखनाद पदयात्रा का आरंभ किया गया है। आज इसकी शुरुआत वार्ड क्रमांक एक से की गई। यहां हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर हनुमान चालिसा का पाठ किया और उसके बाद वार्ड के भ्रमण में निकल पड़े।



वार्ड के लोगों से मिलकर उनकी वास्तविक समस्याओं को जानेंगे और उसके समाधान के लिए जिला प्रशासन व सरकार से मांग करेंगे।

शंखनाद पदयात्रा को लेकर भाजपा भिलाई जिला अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया का कहना है कि वे कार्यकर्ताओं के साथ भिलाई निगम के सभी वार्डों तक पहुंचेंगे। पदयात्रा में उनके साथ पार्टी के पार्षद एवं छाया पार्षद, पार्टी के वरिष्ठ नेता युवा मोर्चा,महिला मोर्चा एवं अन्य मोर्चा प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता शामिल होंगे। लोगों से सीधा संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं को जानेंगे। सभी 70 वार्डों की यात्रा पूरी होने के बाद सभी वार्डों की समस्याओं को जिला प्रशासन व सरकार के समक्ष रखेंगे। यदि इन समस्याओं का निराकरण 5 दिनों के भीतर नहीं होता तो भाजपा आंदोलन करेगी।

इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री शंकरलाल देवांगन, पूर्व महापौर निर्मला यादव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष संजय दानी, पूर्व पार्षद रश्मि सिंह, उपासना साहू, रामकुमार गुप्ता, विशाल दीप, विजय जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आयुक्त ने किया नगर चौपाटी का निरीक्षण अधिकारियों से ली कार्यों की जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शहर की चौपाटी को संवारने का काम अंतिम चरण पर है। प्रशिक्षु आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी ने आज अधिकारियों के साथ नगर चौपाटी का निरीक्षण कर जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से चौपाटी में चल कार्यो की जानकारी मांगी।उन्होंने अधिकारियों से कहा की योजना बनाकर अपग्रेडेशन हेतु प्लान के हिसाब से तैयार करे।

चौपाटी के कार्यो को शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण करने निर्देश दिए।अधिकारियों ने जानकारी में बताया कि व्यवस्थित तरीके से चलाने के लिए जल्द ही काम पूरा हो जाएगा। बच्चों के लिए मनोरंजन के साधन और खानपान की व्यवस्था होगी। जिससे यह एक मनोरंजन स्थल का रूप होगा।इसमें आधुनिक मनोरंजन के साधन के साथ खानपान की भी विशेष व्यवस्था की जाएगी। चौपाटी का संचालन लगातार चलता रहे। चौपाटी के दुकानों के लिए आवेदन भी लिए जा रहे है। बच्चों के रुझान के लिए आधुनिक मनोरंजन के साधन और बेहतर खानपान सभी के लिए अनुकूल व्यवस्था रहेगी। चौपाटी के भीतरी परिसर में झूले व अन्य मनोरंजन के साधन लगाए जा रहे है। नगर चौपाटी के किनारे-किनारे खानपान की और भी अधिक दुकानें लगाई जाएंगी, साथ ही बच्चे, बुजुर्गों और महिलाओं को भी ध्यान में रखकर चौपाटी में व्यवस्था की जा रही है।

संभागायुक्त ने किया गंडई अनुविभाग के कार्यालयों का निरीक्षण

# धान खरीदी केंद्रों का किया अवलोकन, लगभग 30 प्रतिशत किसानों द्वारा ऑनलाइन के माध्यम से कटाया जा रहा टोकन

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। आयुक्त दुर्ग संभाग महादेव कावरे द्वारा बुधवार को खैरागढ-छुईखदान-गंडई जिला के तहत गंडई अनुविभाग के राजस्व कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा सर्वप्रथम अनुविभागीय कार्यालय गंडई में 105 लंबित न्यायालयीन प्रकरणों के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए।



इसी प्रकार न्यायालय तहसीलदार गंडई में 196 प्रकरण लंबित पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारी को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने नस्तीबद्ध प्रकरणों को रिकॉर्ड रूम में जमा करने हेतु निर्देशित किया। श्री कावरे ने न्यायालय में लंबित प्रकरणों की जांच के दौरान 02 प्रकरण ऑनलाइन दर्ज नहीं पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी मंगलेश कुमार नामदेव को कारण बताओ नोटिस जारी किया एवं सभी राजस्व प्रकरणों को अनिवार्यतः ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश भी दिए।

संभागायुक्त ने सभी कर्मचारियों के टेबल पर नेम-प्लेट आवश्यक रूप से रखे जाने के निर्देश भी दिए। संभागायुक्त श्री कावरे द्वारा कार्यालय परिसर में उपस्थित आम जनता से चर्चा के दौरान उपस्थित ग्रामीण मुकेश सिंह ठाकुर से उनकी समस्या के संबंध में चर्चा की। उन्होंने बताया की बंटवारे से संबंधित प्रकरण इस कार्यालय में लंबित हैं जिस पर श्री कावरे ने उपस्थित अधिकारी को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही संभाग आयुक्त महोदय द्वारा गंडई के अधिवक्ताओं से न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में चर्चा की गई। जिस पर उपस्थित अधिवक्ताओं द्वारा न्यायालयीन प्रकरणों के निराकरण में संतुष्टि व्यक्त की गई।

### धान खरीदी केंद्र में निरीक्षण के दौरान 48 घंटे के भीतर भुगतान के दिए निर्देश

संभागायुक्त श्री कावरे द्वारा खैरागढ़-गंडई-छुईखदान एवं बेमेतरा साथ ही दुर्ग जिले के धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जिस दौरान श्री कावरे ने खैरागढ़-गंडई-छुईखदान जिले के उपार्जन केंद्र गंडई पहुंचकर धान विक्रय हेतु पहुंचे किसानों से केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में चर्चा की एवं किसानों से उनके द्वारा कराए गए टोकन की प्रक्रिया के संबंध में सवाल किए।

जिस पर ग्राम पंडरिया से आए हुए किसान राजीव यादव द्वारा बताया गया कि किसानों को ऑनलाइन टोकन की सुविधा से काफी लाभ मिल रहा है इससे उनके समय की बचत भी हो रही हैं। शाखा प्रभारी एवं किसानों द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कई किसान ऑनलाइन टोकन सुविधा के तहत अपना टोकन कटा रहे हैं जिस पर संभागायुक्त ने प्रसन्नता व्यक्त की। श्री कावरे ने आद्रतामापी मशीन से आद्रता की जांच की एवं उपस्थित अधिकारी एवं शाखा प्रभारी गंडई जगदीश जंघेल को निर्देशित किया कि शासन के निर्देशानुसार किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चित करें साथ ही सभी शाखा प्रभारियों को डाटा एंट्री की कार्रवाई तत्काल उसी दिन किए जाने के निर्देश दिए।

धान उपार्जन केंद्र हनईबन के निरीक्षण के दौरान केंद्र में अत्यधिक मात्रा में धान होने पर अनुविभागीय अधिकारी सुश्री रेणुका रात्रे व शाखा प्रभारी रूपनारायण को निर्देश दिए कि तत्काल उठाव की कार्यवाही सुनिश्चित करें व 24 घंटे के भीतर इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# धर्म को राजनीति से अलग रखकर विकास को राष्ट्रीय लक्ष्य बनाएं युवा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। कल्याण महाविद्यालय सेक्टर-7 परिसर में राजनीति विज्ञान परिषद राजनीति विभाग द्वारा गुरुवार 08 दिसंबर को वर्तमान भारतीय राजनीति एवं धार्मिक समन्वय की संभावना विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य वक्तागण के तौर पर वरिष्ठ पार्षद रहे प्रभुनाथ मिश्रा, नगर निगम के मौजूदा निर्दलीय पार्षद वशिष्ठ नारायण मिश्र, वामपंथी संगठन के प्रतिनिधि विश्वजीत होर्डे, कांग्रेस की पार्षद सुभद्रा सिंह और पत्रकार मुहम्मद जाकिर हुसैन ने विषय पर अपनी-अपनी बात रखी।




शुरुआत में कॉलेज के प्राचार्य डा आर पी अग्रवाल ने विषय से संदर्भित बात रखते हुए ऐसे आयोजन को विद्यार्थियों के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने धर्म को राजनीति से अलग रखकर विकास को राष्ट्रीय लक्ष्य रखकर सोचने की बात कही। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है अनुच्छेद 25 से 28 में धर्म की स्वतंत्रता की बात उल्लिखित की गई और इंसानियत को धर्म मानने की बात कही गई। इस दौरान वक्ताओं ने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से तमाम धर्मो को समन्वित कर चलने पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत सवाल-जवाब सत्र हुआ, जिसमे राजनीति शास्त्र के विद्यार्थी तैयबा शाह, वंदना , गौतम , अमितेश , निक्की , मोहम्मद गौसुल व अंकिता ने विषय से संदर्भित और मौजूदा दौर के प्रासंगिक कई सवाल पूछे। जिसका उपस्थित वक्ताओं ने जवाब दिया। इस दौरान उपप्राचार्य डा एन एस पटेल, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ सुधीर शर्मा, पत्रकारिता विभाग प्रमुख अजय पांडे, वाणिज्य विभाग अध्यक्ष डा पी एस शर्मा, अंग्रेजी विभाग अध्यक्ष प्रो अनुराग पांडे, अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापक अरुणा चौबे, शिक्षा विभाग सहायक प्राध्यापक डा शबाना, हिंदी विभाग से सहायक प्राध्यापक डा फिरोजा जाफर अली, अंजन कुमार व अशोक तिवारी और राजनीति शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक मजहर खान की विशिष्ट भागीदारी रही।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950